वर्ष-3, अंक-34

इन्दौर, शनिवार
19 अप्रैल 2025
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

दैनिक


# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761
DAVP 133088/20/02/2020


**चाणक्य नीति**


'जो धैर्यवान नहीं है उसका न वर्तमान और न ही भविष्य'
मुझे वह दौलत नहीं चाहिए जिसके लिए कठोर यातना सहनी पड़े, या सदाचार करना पड़े, या अपने शत्रु की चापलूसी करनी पड़े।

-चाणक्य




प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com


## प्रभु यीशु के बलिदान को किया याद



**नई दिल्ली।** आज ही के दिन यानी गुड फ्राइडे को ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया था। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पोस्ट में यीशु मसीह के बलिदान को याद करते हुए लिखा, गुड फ्राइडे के दिन हम ईसा मसीह के बलिदान को याद करते हैं। यह दिन हमें दयालुता, करुणा और हमेशा उदार हृदय रखने की प्रेरणा देता है। शांति और एकजुटता की भावना हमेशा बनी रहे।

# अब सोसायटी में रहने वालों पर टैक्स की मार

## चाहे किराए का हो या खुद का बढ़ेगा खर्च

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

दिल्ली से लेकर नोएडा या देश के बड़े शहरों की सोसायटियों में रहने वाले लोगों के लिए एक बुरी खबर सामने आई है। इन सोसायटी में रहने वालों को हर महीने किराया या फिर टैक्स का भुगतान करना होता है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने इस संबंध में एक सर्कुलर जारी किया है। एक सर्कुलर जारी हुआ है, जिसमें ये कहा गया है कि हाउसिंग सोसायटी की ओर से हर महीने लिए जाने वाले मेंटेनेंस टैक्स के साथ अब लोगों को जीएसटी का भुगतान करना होगा। हाउसिंग सोसायटी, हाईराइज सोसाइटी व बड़े शहरों के नगर निगम के तहत सोसायटी के घरों के लिए ये सर्कुलर लागू होगा। बोर्ड ने इस संबंध में सर्कुलर जारी कर बताया कि जिन हाउसिंग सोसायटी की ओर से हर महीने 7,500 रुपये से ज्यादा मेंटेनेंस वसूला जाता है। अब इस राशि के साथ 18 फीसदी जीएसटी भी देना होगा। यानी हर फ्लैट से अब नौ हजार रुपये की राशि मेंटेनेंस के तौर पर वसूली जाएगी।



### इन शर्तों पर लगेगा जीएसटी

बोर्ड के सर्कुलर की मानें तो मेंटेनेंस पर जीएसटी को 2019 से लागू किया जा चुका है। कई सोसायटी में इसे लेकर कन्फ्यूजन की स्थिति है। ऐसे में ये नया सर्कुलर जारी किया गया है जिसमें बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि उन सभी को जीएसटी का भुगतान करना होगा जिनका मेंटेनेंस 7500 से अधिक है। इसके साथ ही सोसायटी का सालाना टर्नओवर भी 20 लाख से अधिक होना चाहिए। अगर इनमें से कोई एक शर्त भी पूरी नहीं होती है तो सोसायटी पर जीएसटी लागू नहीं होगा।

### मेंटेनेंस में है ये शामिल

सोसायटी की मेंटेनेंस में मरम्मत, रखरखाव फीस शामिल है। इसमें कार पार्किंग भी शामिल की गई है। एनओसी और लेट पेमेंट ब्याज को शामिल किया गया है।

**कांग्रेस नेता के बिगड़े बोल**

# बीजेपी ने दर्ज कराई शिकायत



**कोलकाता (एजेंसी)।** मौजूदा सांसद अनिल कुमार यादव के पिता अंजन कुमार यादव ने विरोध प्रदर्शन के दौरान यह टिप्पणी की। व्यापक रूप से प्रसारित एक वीडियो में यादव को केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी पर निशाना साधते हुए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करते हुए सुना जा सकता है। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) द्वारा हैदराबाद में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्यालय के बाहर गुरुवार को आयोजित विरोध प्रदर्शन ने उस समय विवाद का रूप ले लिया जब वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद अंजन कुमार यादव ने केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी के खिलाफ अभद्र और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया। मौजूदा सांसद अनिल कुमार यादव के पिता अंजन कुमार यादव ने विरोध प्रदर्शन के दौरान यह टिप्पणी की। व्यापक रूप से प्रसारित एक वीडियो में यादव को केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी पर निशाना साधते हुए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करते हुए सुना जा सकता है।

# 24 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट

## हिमाचल में 60-80kmph की रफ्तार से हवा चली, पेड़ उखड़े; बीकानेर-बाड़मेर में पारा 45° पार

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी-बिहार सहित उत्तर भारत के राज्यों में गुरुवार को भारी बारिश और बिजली-आंधी देखने को मिला। यूपी में बीते 24 घंटे में 13 लोगों की मौत हो गई है। बिजली-आंधी से अयोध्या में 6, बाराबंकी में 5, अमेठी और बस्ती में 1-1 व्यक्ति की मौत हुई है।



आज यूपी के 37 जिलों में बारिश का अलर्ट है। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश में 2 और पश्चिम बंगाल में बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हुई है। मौसम विभाग ने लगातार दूसरे दिन 24 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और हरियाणा में तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। इधर, राजस्थान के 9 जिलों में आज लू और धूलभरी आंधी की चेतावनी है। बीते दिन बीकानेर और बाड़मेर में पारा 45.1 और 45 डिग्री सेल्सियस रहा। हालांकि, 24 घंटे बाद तापमान में 2-4 डिग्री की गिरावट होने की संभावना है। मध्य प्रदेश के भोपाल, इंदौर समेत प्रदेश के 20 शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया। हिमाचल में 60-80 kmph की रफ्तार से आया तूफान हिमाचल प्रदेश में बुधवार आधी रात को आए तूफान ने भारी तबाही मचाई। 60 से 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाओं से कई घरों की छतें उड़ गईं। कई जगह पेड़ उखड़ गए और बिजली की लाइनें टूट गईं। इससे आधे हिमाचल में ब्लैक आउट हो गया है। राज्य में शुक्रवार को छह जिलों चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला और लाहौल-स्पीति में तूफान का ऑरेंज अलर्ट है। जबकि 19 अप्रैल को 9 जिलों ऑरेंज अलर्ट और 20 अप्रैल को यलो अलर्ट है। मौसम विभाग की भविष्यवाणी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। यह सेब की फसल के लिए काफी नुकसानदायक है।

सामान्य से 232% ज्यादा बारिश हुई प्रदेश में 11.3 mm बारिश हुई है जो 3.4 mm होनी चाहिए थी। यह सामान्य से 232 प्रतिशत ज्यादा है।

इससे न्यूनतम तापमान भी दो से छह डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। इसके अलावा मैदानी इलाकों में गेहूं की फसल खराब हो गई। सेब को ओलों की मार से बचाने के लिए लगाए गए हेल नेट भी टूट गए।



# कांग्रेस के प्रथम परिवार की मुश्किलें बढ़ीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के प्रथम परिवार की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। नेशनल हेराल्ड घोटाला मामले में ईडी की ओर से दायर किये गये आरोपपत्र पर 25 अप्रैल को अदालत क्या फैसला लेती है इस पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं क्योंकि आरोपी नंबर एक सोनिया गांधी हैं और आरोपी नंबर दो राहुल गांधी हैं। इसी तरह राहुल गांधी की बहन प्रियंका गांडी वाड्रा के पति के खिलाफ हरियाणा में भूमि सौदा घोटाले की जो जांच चल रही है उसमें भी ईडी जल्द ही आरोपपत्र दायर करने की तैयारी में है जिससे रॉबर्ट वाड्रा की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। कांग्रेस के प्रथम परिवार के कानूनी मामलों में घिरने के चलते पार्टी ने शनिवार को वरिष्ठ नेताओं की एक बैठक बुलाई है जिसमें इस मुश्किल स्थिति से बाहर निकलने के रास्तों पर विचार-विमर्श किया जायेगा।

**स्टालिन का अमित शाह पर निशाना, कहा**

# दिल्ली के सामने नहीं झुकेगा तमिलनाडु

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि नीट, तीन-भाषा पॉलिसी, वक्फ संशोधन कानून और परिसीमन जैसे मुद्दों पर सवाल उठाना ध्यान भटकाने की कोशिश नहीं, बल्कि राज्यों के अधिकारों की लड़ाई है। उन्होंने अमित शाह को चुनौती देते हुए कहा कि अगर डीएमके वास्तव में ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है, तो अमित शाह को इन मुद्दों पर तमिलनाडु की जनता को स्पष्ट जवाब देना चाहिए। स्टालिन ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान कहा कि चाहे वह नीट हो या तीन-भाषा नीति, या फिर वक्फ कानून संशोधन और परिसीमन का मसला इन सभी पर सिर्फ हम ही मुखर हैं। क्या राज्यों के अधिकारों की मांग करना गलत है? उन्होंने यह भी कहा कि तमिलनाडु सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि पूरे देश के राज्यों के अधिकारों की बात कर रहा है। स्टालिन ने कहा कि सिर्फ अमित शाह ही नहीं, बल्कि कोई भी शाह तमिलनाडु पर राज नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि कहा तमिलनाडु दिल्ली के कंट्रोल से बाहर है। साथ ही कहा कि हम आपके द्वारा कानूनी रूप से पैदा की गई सभी बाधाओं को तोड़ देंगे। कार्यक्रम के दौरान सीएम स्टालिन ने कहा कि अमित शाह कहते हैं कि वे 2026 में यहां सरकार बनाएंगे, लेकिन मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि तमिलनाडु दिल्ली के सामने नहीं झुकेगा। छापेमारी करने, पार्टियों को तोडने और सरकार बनाने का आपका फॉर्मूला तमिलनाडु में काम नहीं करेगा।



## ED ने जब्त की जगन मोहन रेड्डी की जमीन

**नई दिल्ली।** मामला दर्ज होने के एक दशक से अधिक समय बाद, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी और डालमिया सीमेंट्स (भारत) लिमिटेड (डीसीबीएल) की 405 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति अस्थायी रूप से कुर्क की है। हालांकि, डीसीबीएल ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि संपत्ति का मौजूदा मूल्य 793.3 करोड़ रुपये है। ईडी की हैदराबाद इकाई ने 31 मार्च को कुर्की का आदेश जारी किया, जो 15 अप्रैल को डीसीबीएल को प्राप्त हुआ।

# अमृत पाल की रिहाई पर छाए संकट के बादल

## पंजाब सरकार उठाने जा रही है ये बड़ा कदम!

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत खडूर साहिब के सांसद और कट्टरपंथी सिख नेता अमृतपाल सिंह की नजरबंदी को एक और साल के लिए बढ़ाने जा रही है। पंजाब सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को चंडीगढ़ में बताया कि इस संबंध में 32 वर्षीय एनएसए बंदी को नोटिस जारी किया जा रहा है, जो अप्रैल 2023 से असम के डिब्रूगढ़ की जेल में बंद है। नाम न बताने की शर्त पर अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा चिंताओं को ध्यान में रखते हुए राज्य और केंद्रीय एजेंसियों के बीच विचार-विमर्श के बाद अमृतपाल की हिरासत बढ़ाने का फैसला लिया गया। वारिस पंजाब दे संगठन का नेतृत्व करने वाले अमृतपाल को पंजाब पुलिस द्वारा एक महीने तक की तलाशी के बाद 23 अप्रैल, 2023 को मोगा जिले के रोडे गांव से गिरफ्तार किया गया था। यह कार्रवाई उनके समर्थकों द्वारा 23 फरवरी को अमृतसर जिले के अजनाला पुलिस स्टेशन पर उनके एक साथी लवप्रीत तूफान की रिहाई की मांग के बाद की गई थी। 2023 में डिब्रूगढ़ जेल में बंद अमृतपाल के सभी नौ साथियों को अजनाला पुलिस स्टेशन पर हमले की जांच में शामिल होने के लिए हाल ही में पंजाब वापस लाया गया।



## सुकमा में सुरक्षा बलों के सामने 22 नक्सलियों ने किया सरेंडर

**रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा में नौ महिला नक्सलियों समेत 22 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। डीआईजी (सीआरपीएफ) आनंद सिंह राजपुरोहित ने कहा कि नौ महिला नक्सलियों समेत 22 नक्सलियों ने आज आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें से दो नक्सलियों पर 8 लाख रुपये का इनाम है, जबकि दो अन्य पर 5-5 लाख रुपये का इनाम है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से इलाके में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है और कैंप बनाए जा रहे हैं, साथ ही सरकार की पुनर्वास नीतियों से प्रभावित होकर नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं।

**दिग्विजय सिंह की फिसली जुबान**

# 1992 के दंगे को लेकर दे दिया विवादित बयान

## सिंधिया ने कहा- कांग्रेस नेता कितने भी मुखौटे पहन लें सच सामने आ ही जाता है

**गुना (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश के शाजापुर में पूर्व सीएम और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह के एक विवादित बयान ने प्रदेश की सियासत को गरमा दिया है।



हिंदू-मुस्लिम सद्भावना सम्मेलन में बोलते हुए दिग्विजय की जुबान फिसल गई और उन्होंने कह दिया कि 1992 में भोपाल दंगों के दौरान दंगा-फसाद होने में हमने पूरी कोशिश की। इस बयान से सभागार में मौजूद लोग हैरान रह गए। हालांकि, दिग्विजय सिंह ने इस पर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया, लेकिन उनका यह बयान चर्चा का विषय बन गया है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पलटवार करते एक्स पर लिखा कि काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती...देश विरोधी कांग्रेस के नेता चाहे कितने भी मुखौटे पहन लें, सच सामने आ ही जाता है। सिंधिया ने दिग्विजय सिंह के बयान को कांग्रेस की मानसिकता का प्रतीक बताते हुए इसे देश के खिलाफ बताया। बता दें शाजापुर में आयोजित सद्भावना सम्मेलन में दिग्विजय सिंह ने 1992 के भोपाल दंगों का जिक्र किया। वे बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद हुए दंगों के दौरान अपनी भूमिका बताते हुए कहा कि जब बाबरी मस्जिद शहीद हुई थी, मैं कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष था। मैंने दो हफ्ते तक प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में रातें बिताईं थीं, लेकिन इसके बाद उनकी जुबान फिसल गई और वे बोल गए कि हिंदू-मुस्लिम को जोड़कर हमने दंगा-फसाद होने में पूरी कोशिश की। इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद बीजेपी ने इसे कांग्रेस की सांप्रदायिक राजनीति का सबूत बताया। ज्योतिरादित्य सिंधिया और दिग्विजय सिंह लंबे समय से मध्य प्रदेश की राजनीति में एक-दूसरे के विरोधी रहे हैं। हाल के वर्षों में दोनों नेताओं ने एक-दूसरे पर कई बार निशाना साधा है। दिग्विजय सिंह ने जहां सिंधिया को बच्चा कहा, वहीं सिंधिया ने दिग्विजय को राष्ट्रविरोधी मानसिकता वाला नेता बताया है।

**बांग्लादेश ने पाकिस्तान को दिखाई आंखें, कहा-**

# 4.3 बिलियन डॉलर देकर माफी मांगे

**ढाका (एजेंसी।** हाल में खबरें आ रहीं थीं पाकिस्तान और बांग्लादेश में काफी नजदीकियां बढ़ रहीं हैं, लेकिन अब सब कुछ उल्टा दिखाई दे रहा है।



बांग्लादेश ने पाकिस्तान से स्पष्ट कहा कि 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानी सेना द्वारा किए गए अत्याचारों के लिए माफी मांगे और 4.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर का भुगतान करे। बांग्लादेश ने पाकिस्तान के साथ हुई ऐतिहासिक बातचीत में कई अनसुलझे मुद्दे उठाए, इनमें 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानी सेनाओं द्वारा किए गए अत्याचारों को लेकर सार्वजनिक माफी और पाकिस्तान से लंबित वित्तीय मामलों को उठाया है।दोनों देशों के बीच में 15 सालों में पहली बार हुई सेक्रेटरी स्तर की मीटिंग में बांग्लादेश ने इस्लामाबाद से पाकिस्तानी सेना द्वारा किए गए कृत्यों के बदले माफी और इसके अलावा संयुक्त संपत्ति से अपने हिस्से के रूप में 4.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर का भुगतान करने की मांग की है। बांग्लादेश के विदेश सचिव एम जीशाम उद्दीन ने अपनी पाकिस्तानी समकक्ष आमना बलूच के साथ हुई बैठक की जानकारी मीडिया के सामने रखी। जीशाम ने कहा, हमने पाकिस्तान के साथ कुछ ऐतिहासिक रूप से अनसुलझे मुद्दों को उठाया है।

इसमें फंसे हुए पाकिस्तानियों की स्वदेश वापसी, अविभाजित देश के रूप में देश के बंटवारे के साथ संपत्ति का वितरण, 1970 के चक्रवात के पीड़ितों के लिए भेजी गई विदेशी सहायता राशि हस्तांतरण और 1971 में तत्कालीन पाकिस्तानी सेना द्वारा किए गए नरसंहार के लिए औपचारिक माफी शामिल है। बांग्लादेशी विदेश सचिव के मुताबिक, बांग्लादेश की तरफ से कहा गया कि ऐतिहासिक मुद्दे सुलझाने का यह सही समय है।

## संपादकीय

### एससी-एसटी वर्गीकरण का पहला राज्य बना तेलंगाना



*तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदायों के भीतर वर्गीकरण की नीति को लागू करने का निर्णय लिया है। तेलंगाना देश का पहला राज्य बन गया है। जिसने सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ के निर्णय के अनुसार वर्गीकरण का काम कर केंद्र सरकार और भाजपा को कड़ी चुनौती देने का काम किया है। तेलंगाना सरकार का यह निर्णय सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक बड़ा और साहसिक कदम है। आजादी के बाद देश में आरक्षण की व्यवस्था, समग्र सामाजिक विकास के उद्देश्य से पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए की गई थी। कई दशकों बाद यह महसूस हुआ, एससी-एसटी समुदाय के भीतर की कुछ जातियाँ ही आरक्षण का लाभ मिला हैं। जबकि अन्य समूह 75 साल के बाद भी हाशिए पर ही रह गए है। इस असंतुलन को दूर करने के लिए अब समूह के बीच वर्गीकरण की आवश्यकता पैदा हुई है। तेलंगाना सरकार ने एक अध्ययन समिति का गठन किया था। उसकी रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने उपसमूह के आधार पर यह निर्णय लिया है। समाज के भीतर सबसे पिछड़े वर्गों को वास्तविक लाभ कैसे पहुँचाया जाये। इस वर्गीकरण से अब आरक्षण और अन्य सामाजिक योजनाओं का लाभ उनको नहीं मिलेगा, जो पहले से सशक्त हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ उन उपवर्गों तक पहुँचेगा। जिन्हें अब तक आरक्षण के लाभ से नजर अंदाज रखा गया है।यह कदम सामाजिक ही नहीं, संवैधानिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ इस विषय पर पहले ही फैसला कर चुकी है। इस तरह के वर्गीकरण को सिद्धांततः सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ वैध ठहरा चुकी है। सुप्रीम कोर्ट की शर्त थी, इसका आधार ठोस और न्यायसंगत हो। तेलंगाना सरकार ने इस बात का ध्यान रखते हुए सर्वे के माध्यम से व्यापक आंकड़ों और समाजिक विश्लेषण के साथ नीति तैयार की है। यह निर्णय देश के बाकी राज्यों के लिए भी एक उदाहरण बन सकता है। इस निर्णय को पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ लागू किया जाएगा, तो निश्चित रूप से यह नीति उन समुदायों के लिए वरदान साबित हो सकती है।जो अब तक सरकारी योजनाओं का लाभ पाने से बहुत दूर है। तेलंगाना ने यह सिद्ध किया है, केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि ठोस नीतिगत निर्णयों से ही सामाजिक न्याय को सुनिश्चित और जवाबदेह बनाया जा सकता है। तेलंगाना सरकार की यह पहल देश में आरक्षण नीति के पुनः परीक्षण और नवचिंतन का नया आधार बन सकता है। तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार है। कांग्रेस नेता एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जाति आधार पर जनगणना की मांग पिछले कई वर्षों से कर रहे हैं। जिस तरह की स्थिति देश में अब बन गई है। सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ ने आरक्षण के मसले पर जो दिशा निर्देश जारी किए हैं। उसके अनुसार तेलंगाना सरकार ने काम करते हुए जो नई नीति लागू की है। वह देश के विकास की एक नई आधार शिला बन सकती है।*

## जुबान और उसकी कीमत

पहले जुबान की बहुत कीमत होती थी। उन दिनों लोग कागज पर अपनी बात लिखकर नहीं देते थे। अकेले में कही बात भी जुबान मानी जाती थी। तब जुबानी याद करने के दिन थे। जब जुबान होती थी। वेद - उपनिषद् , लोकोक्ति - मुहावरे - पहाड़ों को लोग मुँह जुबानी याद कर के रखते थें। ये एक पीढी- से दूसरी- पीढ़ी तक चला जाता था। लोग चीजों को याद रखते थे। ये सब अब गुजरे जमाने की बातें हैं। अभी समय ये है कि सुबह लिया। और शाम को पूछो तो ये जबाब मिलता है। कि कब तुमसे लिया था। लोग आज अगर आप से पाँच सौ से हजार माँग कर ले जाते हैं। और आप दो दिन में अपना पैसा माँगने लगते हैं। तो लोग आपसे अपने संबंध विच्छेद कर लेते हैं। दस बीस हजार अगर ले लिया तो आपका फोन उठाना बँद कर देते हैं। ज्यादा तँग कीजियेगा तो सामने वाला आपको ब्लॉक लिस्ट में डाल देता है। यानी लोग उन दिनों आज की तरह जुबानफरोश नहीं होते थे। लोग लेते समय चीजों को याद रखते थे। कि अमुक आदमी से मैनें ये चीज उधार ली है। अमुक चीज को अमुक दिन लौटाना है। जिस दिन लिया उस दिन से लौटाने के दिन तक लोग उस बात को याद रखते थे। कि अमुक ने अमुक चीज हमें अमुक समय के लिए उधार दी थी। ये याद रखना बड़ी बात होती है। उस समय कागज का आविष्कार नहीं हुआ था। लोग चीजों को बोलकर याद रखते थे। जाहिर है ये बोलना या दुहराया जाना जुबान से किया जाता था। लिहाजा चीजें लँबे समय तक याद रहतीं थीं । तो वो जुबान का समय था। दिलचस्प बात ये थी। कि उन दिनों कागज का आविष्कार नहीं हुआ था। उस समय ताले भी नहीं होते थे। और लोग जुबानफरोश भी नहीं हुआ करते थे!जरूरत ही नहीं पड़ती थी। लोग जुबानी जो थे। जो कह दिया सो कह दिया। जो बोल दिया वो पत्थर की लकीर। सूर्य पश्चिम से निकल सकता है। लेकिन जुबान देने वाला अपनी जुबान से नहीं फिर सकता। जुबान से फिरा हुआ आदमी असल बाप की औलाद नहीं हो सकता था। लोग शिवशंकर कहलाना पसंद करते थे। संकर कहलाना नहीं। लेन -देन मुँह जबानी हुआ करता था। कागज लोगों की सुविधा के लिए आया था। लेकिन लोग इस्तेमाल से बचते थे। कौन लिखा पढ़ी करे। बेकार का टँटा। जो पुराने लोग थे।वो ज्यादा जुबानी थे। जैसे -जैसे आदमी पढ़ता लिखता गया। शिक्षित होता गया। उतना ही बेईमान होता गया ! शिक्षा ने आदमी को बेईमान बना दिया। फिर क्या फायदा उसके इतना पढ़ा लिखा होने का ! जब उसके जुबान की कोई कीमत ही नहीं हो। जो पढ़-लिखकर छल - प्रपंच करना सीख जाये। लिहाजा जुबान की कीमत खत्म होने लगी। लोग अब तहरीर कापियों में लिखकर रखने लगे। नीचे उसके लेनदार का अँगूठा लगाया जाता था। या हस्ताक्षर ले लिया जाता था। ताकि पढ़ा-लिखा आदमी अपनी जुबान से मुकर ना जाए। कागज पर लिखकर रखने की जरूरत तब पड़ी। ताकि लेनदार से वापसी के समय उस कागज को दिखाया जाये। और बकाये की वसूली की जाये। ये और बात है कि लोगों के लिखना और पढ़ना सीखने के बाद ही जुबाने खाली होने लगीं। लोग जुबान फरोश होने लगे। मैं दावे के साथ कह सकता हूँ। कि आदमी में पहले जुबान फरोशी आयी। फिर लोग झूठ बोलने लगे। झूठ बोलने के बाद भी जब लोगों का काम नहीं चलने लगा। तब लोग चोरी -चकारी करने लगे। और आजकल जब अपने दिये पैसे माँगने जाओ। तो लोग कहते हैं, ज्यादा जुबान मत चलाओ। दे दूँगा तुम्हारे पैसे। बहुत बोलते हो तुम। खा नहीं जायेंगें तुम्हारे पैसे।

**महेश कुमार केशरी**
**ष्ट/ह्र -मेघदूत मार्केट फुसरो**
**बोकारो झारखंड**

# बृहस्पीति का 'अतिचारी' गोचर : दुनिया एक बड़ी आर्थिक मंदी की ओर ...

वैदिक ज्यो8तिष में अतिचारी बृहस्पनति का अर्थ है जब गुरु ग्रह किसी राशि में अपनी सामान्यं गति से ज्यावदा तेजी से गोचर करता है। सामान्य0 तौर पर बृहस्पहति को एक राशि से दूसरी राशि में गोचर करने में 12 से 13 महीने का समय लगता है। हालांकि, जब बृहस्प8ति की गति तेज हो जाती है, तब यह जीवन के विभिन्ने पहलुओं जैसे कि करियर, प्रेम जीवन और विकास पर गहरा एवं महत्वपूर्ण प्रभाव डालता है। अतिचारी का मतलब है 'बहुत तेज' या 'त्वीरित'। बृहस्पनति बुद्धि, समझ और सौभाग्या का प्रतीक है इसलिए जब यह तेज गति से चलता है, तो इसके त्वनरित और गंभीर परिणाम देखने को मिलते हैं।

बृहस्पूति अतिचारी 2032 तक- अतीत में इसका प्रभाव पिछली शताब्दियों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं जब बृहस्पसति ने अतिचारी गति में गोचर किया है और इस दौरान भारत और दुनियाभर में इतिहास की कई घटनाएं घटीं। आपको जानकर हैरानी होगी कि जब कुरूक्षेत्र में ऐतिहासिक महाभारत युद्ध हुआ था, तब बृहस्पनति अतिचारी थे। उस समय कौरवों और पांडवों के बीच जबरदस्तग रक्तकपात के बाद पांडवों ने सत्ता हासिल कर बड़ा परिवर्तन किया था। वहीं द्वितीय विश्वस युद्ध के दौरान भी कई महान ज्योपतिषियों ने बृहस्पसति को अतिचारी देखा था और दुनिया पर मंडरा रहे बड़े खतरे की भविष्ययवाणी की थी। उस समय सेना और आम नागरियों को मिलाकर कुल 75 मिलियन लोग मारे गए थे। 15 अगस्तव, 1947 को भारत की स्वततंत्रता एक और बड़ी घटना थी। यह भी सत्ता में बड़ा बदलाव था और इस बार भी खूब रक्तखपात हुआ था। कोरोना वायरस -एक वैश्विक महामारी और आर्थिक मंदी साल 2020 में बृहस्पजति के फिर से तेज गति से चलने की वजह से दुनिया को कोरोना वायरस जैसी महामारी का प्रकोप झेलना पड़ा। इस महामारी ने हर तरीके से परेशानियां खड़ी की, लोग बेघर हो गए, नौकरियां चली गईं, दुनियाभर में कई लोगों की जान गई और वैश्विक अर्थव्यदवस्थाी में जबरदस्तर गिरावट देखने को मिली।

हालांकि, कोविड-19 को राहु-केतु की चाल और प्रभाव से भी जोड़कर देखा जाता है लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि कोरोना वायरस को बहुत ही कम समय में तेजी से फैलाने में बृहस्ति की भी अहम भूमिका रही है। सरकार अर्थव्यरवस्था धर्म यह घटना और बृ?हस्पमति की तेज गति दुनियाभर में कई युद्धों को तेज करने का काम कर सकती है। जैसा कि हम पहले से ही देख रहे हैं कि रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध अभी तक किसी निष्कुर्ष पर नहीं पहुंचा है और फरवरी 2022 से ही युद्ध चल रह है। वहीं दूसरी ओर, इज़राइल अपनी ही परेशानियों से जूझ रहा है। वहीं 29 मार्च, 2025 को शनि के मीन राशि में प्रवेश करने के बाद 30 मार्च, 2025 को छह ग्रहों की मीन राशि में युति हो चुकी है। यह स्थिति अतिचारी बृहस्पमति के साथ मिलकर दुनिया को एक बड़ी आर्थिक मंदी की ओर धकेल सकती है जो कि 1929 की तरह ही भयानक हो सकती है। ज्योरतिष शास्त्री के अनुसार जब शनि और राहु की युति होती है, तब यह लोगों और अन्यम प्रमुख अर्थव्यवव्स्थाओं के लिए वित्तीय संकट का समय होता है। ऐसा भी कहा जाता है कि जब शनि बृहस्प ति की किसी भी राशि में गोचर करता है, तब वैश्विक स्ततर पर 'दुर्भिक्षा' या मंदी की? स्थिति बन सकती है क्योंकि बृहस्पदति धन का कारक हैं और शनि दरिद्रता का कारक हैं। इसलिए जब शनि बृहस्परति की राशि में होता है, तो धन के मामले में हमेशा असंतुलन की स्थिति पैदा होती है। 2025 की शुरुआत से ही विभिन्नल धर्मों और संस्कृभति के लोग अपनी परंपराओं एवं संस्कादरों को बनाए रखने को लेकर अधिक कट्टर और दृढ़ हो सकते हैं। चाहे वह भारत हो, अमेरिका हो या फिर कोई अन्यत देश हो, लोग अपने धर्म को थोपने में अधिक कठोरता दिखा सकते हैं या फिर नौकरियों और सेवाओं आदि में विदेशियों की तुलना में अपने समुदाय के लोगों को प्राथमिकता देने की प्रवृत्ति दिख सकती है। बृहस्ि अतिचारी 2032 तक- 12 राशियों पर प्रभाव मेष राशि मेष राशि के नौवें और बारहवें भाव का स्वाामी ग्रह बृहस्पनति है। कुंडली का नौवां भाव धर्म का और बारहवां भाव अलगाव या विदेश यात्रा का कारक होता है। साल 2025 में 01 मई से ही बृहस्पिति मेष राशि के तीसरे भाव में विराजमान है। बृहस्पनति की नौवें भाव पर दृष्टि पड़ने की वजह से इस समय आपकी आध्याईत्मिक कार्यों में अधिक रुचि हो सकती है। कुछ लोगों के लिए विदेश यात्रा या विदेश में बसने के योग बन सकते हैं जिससे उन्हेंश निश्चिित रूप से लाभ होगा। बृहस्पएति लेखकों, मीडियाकर्मियों, कलाकारों आदि को उत्तम परिणाम प्रदान करेगा। हालांकि, बृहस्पंति की नौवें भाव पर दृष्टि पड़ने की वजह से आप धार्मिक या आध्याीत्मिक कार्यों में धोखाधड़ी का शिकार हो सकते हैं। वृषभ राशि

वृषभ राशि के आठवें और ग्या?रहवें भाव का स्वाधमी बृहस्पकति ग्रह है। कुंडली का आठवां भाव आकस्मिक घटनाओं और ग्या।रहवां भाव बड़े भाई-बहनों का कारक होता है। बृहस्पिति आय और पारिवारिक संपत्ति का कारक है। गुरु का दूसरे भाव में होना अत्यं्त शुभ माना जाता है। आमतौर पर यह सौभाग्यत, आर्थिक समृद्धि और मज़बूत नैतिक मूल्योंक का संकेत देता है। आठवें भाव का स्वायमी होने की वजह से बृहस्पोति आपके लिए वित्तीय समस्याएं पैदा कर सकते हैं। वहीं अतिचारी बृहस्पवति आपकी सेहत पर भी नकारात्म क प्रभाव डालेंगे लेकिन आपको कुछ लाभ भी दे सकते हैं। यह समय आपके लिए औसत रहेगा।मिथुन राशि मिथुन राशि के पहले घर में बृहस्पति का गोचर होने जा रहा है और इस राशि के सातवें और दसवें भाव का स्वामी बृहस्पति है। इस गोचर से उत्पन्न किसी भी प्रकार के अप्रिय विचार से बचने के आपको सचेत प्रयास करना चाहिए। आपको इस समय दीर्घकालिक लाभ मिलने को संभावना कम है। करियर की बात करें, तो आपको काम के सिलसिले में यात्रा करनी पड़ सकती है या नौकरी में बदलाव के भी योग हैं लेकिन ये विकल्प उतने अच्छे नहीं होंगे जितनी आप उम्मीद कर रहे हैं। यदि इस समयावधि में व्यापारियों को अपनी उम्मीद के अनुसार लाभ न मिला तो, उन्हें चिंता हो सकती है। आप आर्थिक रूप से स्थिर हो सकते हैं लेकिन फिर भी आपको लगेगा कि आपको आमदनी आपके खर्चों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है। आपके और आपके पार्टनर के बीच अहंकार के कारण मतभेद हो सकते हैं जिससे आपके रिश्ते का संतुलन बिगड़ सकता कर्क राशि कर्क राशि के छठे और नौवें भाव का स्वामी बृहस्पति है और अब वह आपके बारहवें भाव में हैं। इस घटना के कारण आपको अपने बढ़ते हुए दायित्वों को संभालना मुश्किल हो सकता है। इस समय आपको लोन लेने के लिए दबाव महसूस कर सकते हैं। करियर की बात करें, तो आपको अपनी नौकरी में दबाव महसूस हो सकता है जो कि इस समयावधि में आऊ ज्यादा बदतर हो सकता है। व्यापारी नई चीजें करने के लिए प्रेरित हो सकते हैं जिससे उन्हें पैसा कमाने में मदद मिलेगी। हालांकि, कंपनी के सफल होने के लिए सावधानीपूर्वक योजना बनाने की ज़रूरत है। वित्त की बात करें तो इस समय आपको धन को सावधानीपूर्व संभालने की ज़रूरत है क्योंकि लापरवाही की वजह से परेशानियां हो सकती हैं। सिंह राशि सिंह राशि के पांचवें और आठवें भाव का स्वामी बृहस्पति है और अब वह आपके ग्यारहवें भाव में गोचर करने जा रहा है। आपकी इच्छाएं पूरी होंगी और आपको अचानक लाभकारी अनुभव हो सकते हैं। नौकरीपेशा जातक लगातार प्रगति करेंगे और दीर्घकालिक सफलता के लिए आधार तैयार करेंगे। इस समय आपके प्रयासों को पहचान मिलेगी। अगर आप खासतौर पर ट्रेडिंग या स्टॉक के बिजनेस करते हैं, तो इस दौरान आपकी अच्छी आमदनी होगी और आपको रोमांचक अवसर प्राप्त होंगे। वित्त की बात करें, तो आपको बड़ा लाभ हो शक्तभाई और आपको अपनी बचत के अवसर बढ़ाने के अवसर मिलेंगे। कन्या राशि कन्या राशि के चौथे और सातवें भाव का स्वा मी बृहस्पंति है जो कि अब आपके दसवें भाव में प्रवेश करने जा रहा है। इस समय आप कम सहज महसूस कर सकते हैं। लेकिन आप अपने रिश्तोंि और करियर पर अधिक ध्याअन देते हुए नज़र आएंगे। करियर की बात करें, तो आपकी नौकरी में लाभकारी बदलाव होने की संभावना है। व्याअपारियों को उच्च आय के लिए पर्याप्त अवसर प्राप्तक होंगे जिससे आप उल्लेपखनीय उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। वित्त की बात करें, तो इस समयावधि में आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होने के संकेत हैं और इसका श्रेय आपके भाग्यी को जाता है। तुला राशि तुला राशि के तीसरे और छठे भाव का स्वाइमी बृहस्पकति इस राशि के नौवें भाव में अतिचारी है। इस समय आप अपनी काबिलियत से ज्याीदा कुछ हासिल कर सकते हैं और आपको यात्रा करने के अधिक अवसर मिलेंगे। अब आपको अपनी कड़ी मेहनत का फल मिलना शुरू हो सकता है। करियर की बात करें, तो आपको विदेश से नए अवसर मिलने की संभावना है जो आपके लिए अनुकूल साबित होंगे। यदि आप व्यारपार करते हैं, तो आप इस समय नई व्या वसायिक योजनाएं बना सकते हैं जिनमें अधिक धन कमाने की क्षमता होगी। वित्तीय जीवन की बात करें, तो इस समय आप आर्थिक रूप से मज़बूत रहेंगे। आपको यात्रा के ज़रिए अधिक धन कमाने के अवसर मिलेंगे। निजी जीवन में आपका जीवनसाथी आपकी ईमानदारी की सराहना कर सकता है। वृश्चिक राशि अतिचारी बृहस्पभति वृश्चिक राशि के आठवें भाव में हैं जिससे आपके लिए कुछ कठिनाईयां उत्प न्न हो सकती हैं। इस राशि के दूसरे और पांचवे भाव के स्वारमी बृहस्पवति हैं। अगर आप नौकरी के नए अवसरों को अनदेखा करते हैं, तो आपको अपने करियर में परेशानियां हो सकती हैं। इस समयावधि में आपको अपने वरिष्ठ्व अधिकारियों से बात करते समय सावधान रहने की ज़रूरत है क्योंकि इस दौरान कार्यक्षेत्र में समस्याएं पैदा हो सकती हैं। यदि आप व्येवसाय करते हैं, तो आपके अवसरों और आमदनी में गिरावट आने की आशंका है। इन अड़चनों से उबरने के लिए व्योवस्थित और रणनीतिक योजना बनाना आवश्याक है। आपको काम के सिलसिले में अधिक यात्रा करनी पड़ सकती है और इनमें से कुछ यात्राएं मुश्किल साबित होंगी। व्याभपारियों के लिए इस समयावधि में अधिक लाभ अर्जित करना प्राथमिकता रहने वाली है। अगर आप रणनीतिक योजना के साथ आगे बढ़ते हैं, तो आपके प्रयास अच्छे वित्तीय परिणाम देंगे और आप धन संचय भी कर सकते हैं। मकर राशि मकर राशि के छठे भाव में बृहस्ि रहेंगे और इस राशि के तीसरे और बारहवें भाव के स्वातमी बृहस्पयति हैं। इस समय आपको अप्रत्या शित आय होने के संकेत हैं। बृहस्पनति के अतिचारी होने के दौरान लोन लेना भी आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। आप अपने काम में अधिक रुचि लेंगे और सेवा भावना से प्रेरित होकर काम कर सकते हैं जिससे आपको संतुष्टि महसूस होगी। हालांकि, अगर आप बिज़नेस करते हैं, तो आपको इस समय अपने व्यरवसाय के दायरे को सीमित करने की आवश्यहकता हो सकती है क्योंकि इस दौरान आपके लिए मुनाफा कमाना कठिन हो सकता है। आपके खर्चों में वृद्धि होने और वित्तीय नुकसान के योग बन रहे हैं जिससे नई जिम्मेकदारियों के चलते लोन लेने की ज़रूरत बढ़ सकती है। कुंभ राशि बृहस्पिति इस राशि के दूसरे और ग्याकरहवें भाव के स्वाहमी हैं जो कि अब आपके पांचवे भाव में उपस्थित हैं। इससे आपको अनुकूल और लाभकारी परिणाम प्राप्ता होंगे। इस समय आप आत्मकविश्वाास से भरपूर और आशावादी महसूस करेंगे। करियर के मामले में आप अपनी स्थिति से संतुष्टा रहने वाले हैं। इसके अलावा आपको अपने प्रयासों के लिए सराहना और मान्यकता मिल सकती है। यदि आप व्या पार करते हैं, तो इस समय आपको सफलता मिलेगी और खासतौर पर ट्रेडिंग और शेयर मार्केट में काम करने वाले लोगों की आय में वृद्धि देखने को मिलेगी। आपकी आमदनी में तेजी से बढ़ोतरी होने के आसार हैं। जैसे-जैसे आप अधिक पैसा बचाने की मानसिकता रखेंगे, वैसे-वैसे आपको अधिक धन कमाने और बचाने के वित्तीय अवसर प्राप्ता होंगे। मीन राशि मीन राशि के पहले और दसवें भाव के स्वादमी बृहस्पलति हैं जो कि अब आपके चौथे भाव में हैं। इससे आपको अधिक सुख-सुविधा मिल सकती है। इस समय आप अपने करियर को लेकर अधिक ध्या न केंद्रित रहेंगे। आपको यात्रा करने के अधिक अवसर मिलेंगे और आप शायद स्थांनांतरण भी कर सकते हैं।

आपका आत्माविश्वाणस और तेजी से निर्णय लेने की क्षमता आपको अपने कार्यक्षेत्र में बड़ी सफलता और प्रगति दिला सकती है। यदि आप व्या्पार करते हैं, तो आप विभिन्ना व्यातवसायिक कार्यों में सफल होंगे, अधिक पैसा कमाएंगे और आपको महत्वधपूर्ण लाभ मिल सकता है। धन की बात करें, तो इस समय आपकी आय और खर्चों दोनों में वृद्धि देखने को मिलेगी। आपका पारिवारिक कार्यक्रमों और स्वाधस्थे पर खर्चा हो सकता है।

**गुरु महेश जैन**
**इंटरनेशनल ज्योतिषाचार्य**
**अनुष्ठानकर्ता**
**राणापुर जिला झाबुआ**
**मध्यप्रदेश**
**7000098868**

## व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....

### शेयर बाजार में हरे निशान पर क्लोजिंग

# सेंसेक्स 309 अंक चढ़ा, निफ्टी 23450 के करीब पहुंचा

**नई दिल्ली।** बैंकिंग शेयरों में खरीदारी और विदेशी फंड के ताजा प्रवाह के कारण बुधवार को शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लगातार तीसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। खुदरा मुद्रास्फीति के छह साल के निचले स्तर पर पहुंचने से ब्याज दरों में और कटौती की उम्मीद बढ़ी है, इसका बाजार के मूड पर सकारात्मक असर पड़ा।



वैश्विक बाजार में कमजोर रुख को दरकिनार करते हुए 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स बुधवार को उतार-चढ़ाव भरे सत्र में 309.40 अंक या 0.40 प्रतिशत चढ़कर दो सप्ताह के उच्चतम स्तर 77,044.29 पर बंद हुआ। कमजोर शुरुआत के बाद, सत्र के दौरान सूचकांक कई बार हरे और लाल निशान के बीच झूलता दिखा। सेंसेक्स 566.46 अंकों की तेजी के साथ 77,110.23 के उच्चतम और 76,543.77 के निम्नतम स्तर तक पहुंचा। दूसरी ओर, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 108.65 अंक या 0.47 प्रतिशत बढ़कर 23,437.20 अंक पर पहुंच गया। विश्लेषकों के अनुसार बाजार में महंगाई से जुड़े सकारात्मक आंकड़ों और सामान्य मानसून के पूर्वानुमान से भी निवेशकों के बीच खरीदारी की धारणा को बढ़ावा मिला। सेंसेक्स के शेयरों में इंडसइंड बैंक के शेयरों में सबसे ज्यादा 7.12 फीसदी की तेजी आई। बैंक ने बताया कि वैश्विक एजेंसी पीडब्ल्यूसी ने डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में अकाउंटिंग खामियों के कारण बैंक के नेटवर्थ पर 1,979 करोड़ रुपये का नकारात्मक प्रभाव पडने् का आकलन किया है। वहीं, एक्सिस बैंक में 4.26 फीसदी की तेजी आई जबकि अदाणी पोर्ट्स में 1.81 फीसदी की तेजी आई। एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक और आईटीसी के शेयरों में तेजी आई। मारुति के शेयर सबसे ज्यादा 1.51 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुई।

## मार्च माह में सस्ती हुई खाने-पीने की चीजें, लोगों के साथ सरकार को भी मिली राहत

**नई दिल्ली ।** मार्च 2025 में महंगाई से राहत मिली। खासकर खाद्य वस्तुओं और सब्जियों की कीमतों में आई गिरावट ने न केवल आम लोगों को राहत दी बल्कि केंद्र सरकार को भी राहत मिली। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक मार्च में खुदरा महंगाई दर केवल 3.34 फीसदी रही जो फरवरी में 3.61 फीसदी थी। यह 67 महीने में सबसे कम वृद्धि है जो अगस्त 2019 के बाद देखी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक मार्च में थोक महंगाई दर घटकर 2.05 फीसदी पर आ गई जबकि फरवरी में यह 2.38 फीसदी थी। इससे साफ है कि महंगाई पर काबू पाने में सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की नीतियों का असर है। मार्च में खाद्य महंगाई की रफ्तार सुस्त हुई है। खुदरा बाजार में खाद्य उत्पादों की कीमतों में 2.69 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई जबकि थोक बाजार में यह 1.57 फीसदी रही। यह दर्शाता है कि कीमतों में बढ़ोतरी की गति धीमी हो गई है जिससे आम आदमी को राहत मिली है। खासकर सब्जियों और प्रोटीन उत्पादों की कीमतों में गिरावट आई है जो खाद्य महंगाई को नियंत्रित करने में मददगार साबित हुई। खाद्य महंगाई नवंबर 2021 के बाद मार्च 2025 में सबसे कम रही है। मार्च में खाद्य महंगाई दर 2.69 फीसदी रही जो नवंबर 2021 के बाद का सबसे निचले स्तर पर था। इसमें प्रमुख योगदान सब्जियों और दालों की कीमतों में आई गिरावट का है। हालांकि कुछ खाद्य वस्तुओं जैसे फल और खाद्य तेल की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिली है।

# सोने ने लगाई छलांग 95 हजार पर पहुंचा, चांदी की चमक भी बरकरार

**नई दिल्ली।** बुधवार को सोने के भाव ने घरेलू वायदा बाजार में पहली बार 95,000 का आंकड़ा पार किया। यह अब तक का इसका सबसे ऊंचा भाव है। सोना 95,090 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए टॉप पर पहुंच गया और बाद में कुछ गिरावट के बाद 95,000 पर कारोबार हुआ। बुधवार दोपहर तक सोने की कीमत में 1.66 फीसदी की बढ़ोरती देखने को मिली। चांदी ने भी वायदा बाजार में अच्छी बढ़त दर्ज की, इसकी कीमतें 1.56 फीसदी बढ़कर एमसीएक्स पर 96,253 रुपए प्रति किलो हो गईं। इसने दिन के भीतर 96,344 रुपए प्रति किलो का उच्चतम स्तर भी छुआ।

कीमतों में यह उछाल कमजोर डॉलर और ट्रंप के टैरिफ वॉर के बीच जारी अनिश्चितता के चलते आई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने की कीमतें गिरते डॉलर, व्यापार को लेकर बने तनाव और वैश्विक आर्थिक वृद्धि को लेकर चिंताओं से रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गईं। स्पॉट गोल्ड 1.7 फीसदी बढ़कर अंतरराष्ट्रीय बाजार में 3,282.88 डॉलर प्रति औंस पर पहुंचा, जो पहले 3,290.1 डॉलर प्रति औंस के नए उच्च स्तर पर था। अमेरिकी गोल्ड फ्यूचर्स 1.8 फीसदी बढ़कर 3,299.60 डॉलर पर पहुंच गया। डॉलर इंडेक्स अपने प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले 0.5 फीसदी गिर गया, जिससे



अन्य करेंसी होल्डर्स के लिए सोना ज्यादा आकर्षक हो गया। पारंपरिक रूप से सोने को भू-राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितताओं के समय सुरक्षित निवेश माना जाता है और इस साल इसने कई रिकॉर्ड को छुआ, जिससे इसकी कीमत में 25 फीसदी से ज्यादा बढ़ी।

प्रमुख बैंकों को आगामी तिमाहियों में सोने की संभावनाओं पर भरोसा है। गोल्डमैन सैक्स ग्रुप का अनुमान है कि 2026 के मध्य तक कीमतें 4,000 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकती हैं। सिंगापुर स्थित डीलर गोल्डसिल्वर सेंट्रल के प्रबंध निदेशक ने कहा कि जब तक अनिश्चितता रहेगी, सोना मजबूत रहेगा। सोने में निवेश भारतीय संस्कृति का अहम हिस्सा है, जो वित्तीय सुरक्षा के लिए भी अहम है। निवेशक के पास सोने में निवेश के कई तरीके हैं। फिजिकल गोल्ड रखना अब तक काफी आम तरीका है, लेकिन अब यह काफी तेजी से बदल रहा है और लोग डिजिटल गोल्ड और ईटीएफ की तरफ मूव कर रहे हैं। फिजिकल गोल्ड में निवेश के तहत गहने, सिक्के और बिस्किट शामिल हैं। गहनों में मेकिंग चार्ज और सुरक्षा की चिंता होती है, जबकि गोल्ड बिस्किट और सिक्के शुद्धता के लिहाज से बेहतर होते हैं, इन्हें संभाल कर रखना जरूरी होता है। डिजिटल गोल्ड 100 रुपए जैसी छोटी राशि से पेटीएम, फोनपे या गूगलपे जैसे ऐप्स से खरीदा जा सकता है और इसे सुरक्षित वॉल्ट में रखा जाता है। अनुभवी निवेशकों के लिए गोल्ड फ्यूचर्स एक ट्रेडिंग करने का विकल्प भी है, लेकिन उसमें रिस्क ज्यादा होता है और यह तेजी से लाभ या नुकसान देता है।

## राजयोगिनी दादी रतन मोहिनी को दी जाएगी श्रद्धांजलि



इंदौर। विश्व व्यापी अंतर्राष्ट्रीय संस्थान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की मुख्य प्रशासिका तथा युवा प्रभाग की राष्ट्रीय अध्यक्षा रही 101 वर्षीय राजयोगिनी डॉ. दादी रतनमोहिनी के अव्यक्तारोहण के 13 दिन पूर्ण होने पर रविवार, 20 अप्रैल को प्रातः 8:30 बजे न्यू पलासिया स्थित ज्ञानशिखर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें ब्रह्माकुमारीज़ के सदस्यों के साथ शहर के सभी वर्गों के गणमान्य लोग उपस्थित होकर दादीजी के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

उक्त जानकारी देते हुए इंदौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने बताया कि दादी मात्र 12 वर्ष की अल्पायु में ही संस्था के स्थापना के समय साकार संस्थापक पिताश्री ब्रह्माबाबा के संपर्क में आई और 1 वर्ष पश्चात ही अपना जीवन समर्पित कर देश-विदेश में ईश्वरीय सेवाओं की आधारमूर्त बन 101 साल की उम्र तक अथक सेवाएं करते 8 अप्रैल को अपने पुराने देह का त्याग किया। आपने 70 हजार से अधिक दूरी की पदयात्रा कर भारतीय संस्कृति, मूल्यों एवं आध्यात्म का सारे विश्व में प्रचार प्रसार किया। इस संस्थान को ऊंचाइयों तक पहुंचाने में आपका अमूल्य योगदान रहा है।

## शहर से लगे हुए गांव में और बाईपास के ऊपर भी इस प्रकार से जलाई जा रही है पराली



इंदौर। किसान नेता हंसराज मंडलोई ने कहा कि इंदौर एवं आसपास के जिलों में जिस प्रकार से गेहूं के खापों नरवाई को जलाया जा रहा है इससे कहीं इंदौर है मालवा प्रांत की हालत भी प्रदूषण के मामले में दिल्ली या मुंबई जैसी ना हो जाए।

किसान नेता ने आगे कहा की जिस शहर ने स्वच्छता के मामले में पूरे देश एवं प्रदेश में चार चांद लगा दिए हैं इस शहर में बाईपास एवं बिल्कुल शहर से लगी हुई कॉलोनी में गेहूं के खापों नरवाई को जलाया जा रहा है और यहां तक की नगर निगम की गाड़ियां कचरे का ढेर इंदौर शहर की सीमा से लगे हुए गांव में ढो जाती है एवं नगर निगम के कर्मचारी इसमें आग लगा देते हैं और सरकार और नगर निगम के अधिकारी आंख मन कर बैठे रहते हैं।

मंडलोई ने घोषणा की की मैं अगले रविवार को किसानों को जागरूक करने के लिए भरी दोपहरी में दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक शरीर के ऊपर के कपड़े निकाल कर सत्याग्रह करूंगा वह किसान भाइयों से आग्रह करूंगा कि पराली ना जलाएं।

## यादव विकास सहकारी संस्था मर्यादित के चुनाव 27 वर्ष बाद होंगें

इंदौर। यादव विकास सहकारी संस्था मर्यादित के चुनाव 19 अप्रैल को होने जा रहे हैं संस्था के सदस्य सुभाष यादव ने बताया कि इसके लिए जय माधव जय यादव विकास पैनल ने परिवर्तन को लेकर जनसंपर्क किया है। जहां सदस्यों ने इस बार परिवर्तन पेनल का भरपूर समर्थन मिल रहा है। 19 अप्रैल शनिवार को मतदान स्काउट ग्राउंड चिमन बाग पर सुबह 10. बजे से शाम पांच बजे तक वोट डालें जा सकेंगें।

जय माधव जय यादव विकास पैनल से सुभाष रामदुलारे यादव, लालू शिवनारायण यादव, विनय त्रिलोकचंद यादव, संदीप मुकेश यादव, अजय कल्लू प्रसाद यादव, शरद रामदुलारे यादव, आकांक्षा बृजेश यादव, राजेश्वरी सूरज यादव पैनल ने घर-घर दस्तक देकर भविष्य की योजनाओं को बताना शुरू किया है।साथ ही पुराने लोगों की गलतियों को बता रहे हैं।

जिसके प्रति संस्था के सदस्यों में इस बार परिवर्तन चाहा है। संस्था में 2050 सदस्य हैं संस्था का टर्नओवर 8 करोड रुपए है।संस्था में 27 सालों से काबिज पदाधिकारी की मनमानी करने के कारण इस बार बदलाव की स्थिति में पैनल को मजबूरी में मैदान में उतरना पड़ा है।संस्था के सदस्य भी इस बार परिवर्तन चाह रहे हैं। 27 वर्षों बाद इस होने वाले चुनाव में परिवर्तन की भारी लहर दिख रही है।

## कार्टून कोना..........




# 16,000 निजी स्कूलों को फीस नियमों में मिली छूट

## 25 हजार से कम फीस, पोर्टल पर जानकारी अपलोड करना जरूरी नहीं

इंदौर। 25 हजार रुपए से कम वार्षिक फीस वसूलने वाले निजी स्कूलों को अब स्कूल शिक्षा विभाग के पोर्टल पर फीस संबंधी जानकारी अपलोड करना जरूरी नहीं होगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं।



विभाग ने साफ किया है कि जिन निजी विद्यालयों द्वारा 25 हजार रुपए से अधिक वार्षिक फीस वसूली जा रही है, उन्हें पोर्टल पर फीस संबंधी जानकारी अपलोड करना अनिवार्य होगा।

इसके लिए अंतिम तिथि 15 मई तक बढ़ा दी गई है। साथ ही, यह भी कहा गया है कि बिना अनुमति और उचित कारण के फीस नहीं बढ़ाई जा सकेगी।

प्रदेश में कुल 34,652 निजी स्कूल हैं, जिनमें से लगभग 16,000 स्कूल ऐसे हैं जिनकी किसी भी कक्षा में वार्षिक फीस 25 हजार रुपए या उससे कम है। मध्य प्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम-2020 के तहत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए निर्धारित फीस संरचना (कक्षा एवं संवर्गवार) की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य किया गया है।

यह अधिनियम 31 जनवरी 2025 से प्रभावी हुआ है। शुरू में इसकी अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई थी। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि कई विद्यालयों ने पोर्टल पर जानकारी अपलोड करने में तकनीकी समस्याओं की जानकारी दी है। इसे ध्यान में रखते हुए अपलोड की समय सीमा 15 मई तक बढ़ा दी गई है।

### बिना अनुमति 10 प्रतिशत तक बढ़ा सकते हैं फीस

इस अधिनियम में यह भी प्रावधान है कि विद्यालय 10 प्रतिशत तक सालाना फीस वृद्धि बिना किसी पूर्व अनुमति के कर सकते हैं। इससे ज्यादा बढ़ाने के लिए संबंधित जिला समिति की अनुमति लेना आवश्यक होगा। यह प्रावधान इसलिए रखा गया है ताकि अभिभावकों पर अनावश्यक वित्तीय बोझ न पड़े।

नई उपधारा के तहत, जिन स्कूलों की वार्षिक फीस 25 हजार रुपए से कम है, वे इस अधिनियम के दायरे से बाहर रहेंगे। इसके अतिरिक्त, फीस नियमन एवं संबंधित विषयों के लिए जिला स्तर पर और राज्य स्तर पर समिति गठित की गई है, जो इन मामलों की निगरानी करेगी।



इंदौर के विमानतल पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का महापौर पुष्य मित्र भार्गव ने आत्मीय स्वागत किया।

## 100 गांवों का गेहूं खरीदने वाला बरलाई साइलो केन्द्र 10 दिन से बंद



इंदौर। किसान नेता हंसराज मंडलोई ने कहा कि सांवेर विधानसभा क्षेत्र का बरलाई शिप्रा साइलो गेहूं खरीदी केंद्र जहां सांवेर विधानसभा क्षेत्र के आधे से अधिक गांवों का गेहूं तुलता था वहां अपनी क्षमता के अनुसार भर गया इस कारण पिछले 10 दिन से बंद है परंतु इसके बाद भी निकम्मी सरकार ने किसानों के गेहूं खरीदने का कोई इंतजाम नहीं किया खरीदी केंद्र पर अप्रैल माह की 42 डिग्री गर्मी में अन्नदाता तीन दिनों तक भूखे प्यासे वहां पर पड़ा रहा और मजबूरी में हजारों ट्रैक्टर ट्रालियां किसान अपने घर पर लेकर गए और डबल भाड़ा देना पड़ा। किसान नेता ने आगे कहा कि पहले किसानों का गेहूं सोसाइटियों के माध्यम से गांव वाले वहीं पर तोल देते थे परंतु विगत कुछ वर्षों से प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने मोदी एवं अमित शाह के दबाव में आकर गुजरातियों की कंपनी अडानी अंबानी ग्रुप को फायदा पहुंचाने के लिए शिप्रा मांगलिया क्षेत्र के खरीदी केदो को साईलो के सुपुर्द कर दिया जो कि बंद पड़ा है जिसके कारण किसान शादी ब्याह के मौसम में परेशान हो रहा है और बिचौलियों को अपना गेहूं सस्ते दाम पर बेचने को मजबूर है। ि

कसान नेता मंडलोई ने चेतावनी दी है कि जल्द से जल्द गेहूं की खरीदी प्रारंभ की जाए एवं किसानों को खरीदी केंद्र पर गेहूं ले जाने का भाड़ा दिया जाए क्योंकि यह भाड़ा अधिकारियों एवं नेताओं की जेब में जा रहा है इसकी भी जांच सीबीआईए किसी स्वतंत्र एजेंसी से करवाई जाए।

## नि:शुल्क स्ट्रेस मैनेजमेंट वर्कशॉप का आयोजन

इंदौर। अमलतास इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़, में एक नि :शुल्क स्ट्रेस मैनेजमेंट वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य विषय था ङ्कफ्रमेडिटेशन स्ट्रेस का एंटीडॉट है कार्यशाला के मुख्य वक्ता रहे डॉ. एम. एस. होरा, जो एक वरिष्ठ माइंड ट्रेनर और मोटिवेशनल स्पीकर हैं।



उन्होंने युवाओं को यह बताया कि कैसे मेडिटेशन और माइंडफुलनेस तकनीकों के माध्यम से मेंटल स्ट्रेस को कम किया जा सकता है। डॉ. होरा ने वैज्ञानिक भाषा में समझाया कि जब हम स्ट्रेस में होते हैं, तब शरीर में कॉर्टिसोल नामक हार्मोन बढ़ता है, जो लंबे समय तक उच्च स्तर पर रहने से हृदय रोग, मधुमेह और मानसिक थकान का कारण बनता है। मेडिटेशन से यह हार्मोन नियंत्रित होता है, मस्तिष्क शांत होता है और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता बढ़ती है।

वर्कशॉप में मेडिकल स्टूडेंट्स, रेज़िडेंट डॉक्टरों और फैकल्टी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सभी ने इसे अत्यंत लाभकारी और प्रेरणादायक बताया।

अमलतास मेडिकल कॉलेज के डीन डॉक्टर ए के पीठवा व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन डॉक्टरों के मानसिक स्वास्थ्य को मज़बूत करने के लिए समय की आवश्यकता हैं।

कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर प्रोफेसर अभिराज रामचंदानी ने किया। इस अवसर पर मेजर जर्नल डॉक्टर एस के नेमा भीं उपस्थित थे।

## योग टेंपल का सीक्रेट्स टू डिजीज फ्री लाइफ हेल्थ शो 20 अप्रैल को

इंदौर। पिछले 50-60 वर्षों में मनुष्य अपने जीवन में ऐसे परिवर्तन ले आया कि अनेकों रोगों से ग्रस्त होने लगा, दिनबदिन रोगों और रोगियों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। हर गली मोहल्ले से लेकर छोटे बड़े शहरों तक में हॉस्पिटल्स की बाढ़ सी आ गई है।

खरबों रुपए की अपार धनराशि मेडिकल पर खर्च होने लगी है मेडिकल फील्ड अब सेवा के बजाय एक इंडस्ट्री बन गया है। किंतु स्वस्थ्य जीवनशैली अपनाकर न सिर्फ रोगों से दूर रहा जा सकता है वरन 80त्न हॉस्पिटल बंद हो सकते है और इस सेव की हुई धनराशि को सकारात्मक कार्यों में इन्वेस्ट किया जा सकता है।

इन्ही सब रोचक और अदभुत तथ्यों के साथ एक अद्भुत और अनूठा पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन रोगमुक्त जीवन के रहस्य योगी मनोज गर्ग, योग टेंपल आयुर्वेद पंचकर्म एवं नेचुरोपैथी हॉस्पिटल द्वारा 20 अप्रैल रविवार को सुबह 7:30 बजे से 13 साजन नगर, नवलखा पर आयोजित किया जा रहा है। जिसके रजिस्ट्रेशन हेतु 9425058031 पर संपर्क करें।

## ढाई आखर का कला संवाद 20 अप्रैल को



इंदौर। ढाई आखर एक ऐसा मंच है जिसमें विविध विधायों के कलाकार एवं संवादकर्ता अपनी कला के माध्यम से निर्गुणी तत्वों एवं संवैधनिक मूल्यों को केंद्र में रखकर कला संवाद करते है। रविवार 20 अप्रैल को 3.30 बजे से 5.30 बजे तक जीवन शाला विसर्जन आश्रम नवलखा बस स्टैंड के सामने इंदौर में कला संवाद का आयोजन किया गया है।जिसमे अनुभवी कलाकार एवं नए कलाकार विविध कलाओं से संवाद करेंगे। मीरा एवं मेरा कुनवा समूह गायन एवं नृत्य, समतर बैंड टिमरनी हरदा से हिमांशु, विक्रम बोरदिया एवं लाखन मंडलोई निर्गुण गायन तथा रोहित हरदा प्रस्तुतियां देंगे। शिवानी, रितेश टिमरनी संवाद करेंगे अन्य उपस्थित कलाकार भी अपनी अपनी कलाओं की प्रस्तुति देंगे। इंदौर या आसपास के किसी भी विधा चित्रकला, नाट्य, गायन, वादन, शिल्प, नृत्य में रुचि रखने वाले युवा साथी राकेश यादव 9201665044 से संपर्क करें।

## रवि चौधरी, सुनील ठाकुर, हर्षल चौहान द्वारा स्कूल बैग, शिक्षण सामग्री और आइसक्रीम का वितरण

इंदौर। त्रिनेत्रम सामाजिक संगठन की गरीब बच्चों के लिए ऐतिहासिक पहल की गई हे। संस्था के हर्षल चौहान और सुनील ठाकुर ने बताया कि झुग्गी बस्तियों के गरीब बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए एक कदम उठाया है।



जिसके अंतर्गत लालबाग स्थित बस्ती के गरीब बच्चों को स्कूल बैग शिक्षण सामग्री और आइसक्रीम का वितरण छात्र शक्ति के नाम से मशहूर जो हर समय छात्र हित के लिए खड़े रहने वाले रवि चौधरी द्वारा वितरण कराया गया।

झुग्गी बस्ती के बच्चों को निःशुल्क शिक्षण सेवा देने वाले पुलिस जवान संजय सांवरे ने बताया कि आज इस बैग वितरण में कक्षा 1,से 12 वी के 50 बच्चे शामिल हुए। आज के बैग शिक्षण सामग्री और आइसक्रीम पाकर बच्चे काफी खुश होकर अच्छी पढ़ाई का विश्वास जताया।

बच्चों के प्रति इस आयोजन को खजराना गणेश मंदिर के पुजारी पार्थ अशोक भट्ट के द्वारा भी सराहा गया। संस्था के सुमित जाटव ,संदीप पचौरिया, हर्षद पटेल,संजू मीणा,प्रदीप नायक उपस्थित हुए।

## अपनी दुनिया को सतत जानने -संवारने की प्रक्रिया ही व्यक्तित्व विकास

इंदौर। अन्दर और बाहर की दुनिया को सतत जानने - संवारने की प्रक्रिया ही शिक्षा है व्यक्तित्व का विकास सफलता की अनंत ऊँचाईयों की राह दिखाता है। बच्चे व्यक्तित्व विकास शिविर में प्रदत्त ज्ञान का समुचित उपयोग करें।



तंग बस्तियों की बालिकाओं के लिए समाज सेवा प्रकोष्ठ द्वारा अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय निःशुल्क व्यक्तित्व विकास शिविर का शुभारंभ अष्टांग महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए पी एस चौहान, बैंक ऑफ महाराष्ट्र इंदौर जोन के मुख्य प्रबंधक नीलेश वाघमारे एवं शिक्षाविद समाजसेवी डॉ. लता भट्टाचार्य ने किया।

सुविख्यात चित्रकार शुभा वैद्य ने चित्रकला, स्वप्निल व्यास ने पर्यावरण संरक्षण की जरूरत एवं उपाय, राज गुलानी ने योग एवं ध्यान तथा कविता पेंढारकर ने संगीत पर मार्गदर्शन दिया।

सुश्री शुभा वैद्य के मार्गदर्शन में चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है। प्रकोष्ठ अध्यक्ष आलोक ने स्वागत उद्बोधन एवं इस 129 वें शिविर की जानकारी दी। सचिव सुबोध भोरास्कर, अविनाश कुलकर्णी, अशोक कापड़नीस, वर्षा पाठक एवं नीलाक्षी वैद्य ने स्वागत किया। संचालन श्याम पांडे एवं आभार सुश्री पुष्पा महाडिक ने व्यक्त किया।

इस अवसर पर प्रकाश वैद्य, राजेंद्र चौधरी एवं बैंक ऑफ महाराष्ट्र के राकेश जैन भी उपस्थित थे। समाज सेवा प्रकोष्ठ के इस तीन दिवसीय शिविर में बड़ी संख्या में बालिकाएं उत्साहपूर्वक भाग ले रहीं हैं।

# मुफ़्ती अहमद यार खां साहब को मुफ़्ती-ए-मालवा अवार्ड से नवाज़ा



**इंदौर।** मुस्लिम समाज द्वारा ज़िक्रे जश्ने ख्वाजा उस्मान हारूनी अक़ीदत के साथ कड़ावघाट स्थित मस्जिद छितरमियां सरकार पर मनाया गया। जिसमें मुफ़्तीअहमद यार खां अजहरी साहब को मुफ़्ती-ए-मालवा मोहम्मद हबीब यार खां क़ादरी अवार्ड देकर सम्मान से नवाज़ा गया। साथ ही वार्ड 68 के पार्षद अयाज बेग को रमज़ान भर क्षेत्र में मुस्तैदी से अवाम की खिदमत और ट्रैफिक व्यवस्था में उल्लेखनीय योगदान देने पर रमज़ान ख़िदमत अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस साल हज पर जाने वाले हजयात्रियों व समाजसेवियों का इस्तक़बाल भी कमेटी की तरफ से किया गया। इस मौके पर ख़ास मेहमान मुफ़्ती मोहम्मद शकील, समाजसेवी फैसल इब्राहिम मेमन, मौलाना अब्दुल समद, छितर मियां सरकार मस्जिद के सदर शफी राईन, सोहेल देहलवी,जामा मस्जिद कमेटी के सदर हाजी अब्दुल हक़, हाजी रफ़ीक़ बाबा, बशीर बाबा, बाबर खान, नईम लाईक, परवेज़ गुड्डू, हाजी ज़ाकिर चम्पाबाग, हाजी वहाब, हाजी अब्दुल वहीद लोहारपट्टी, शकील अता, साजिद अंसारी शानू भाई बड़वाली चौकी सहित शहरभर के गणमान्य समाजजन मौजूद थे। इस दौरान मुफ़्ती हबीब यार खां क़ादरी साहब की ख़िदमतों को याद कर उन्हें नज़राना-ए-अक़ीदत पेश किया गया। ख़्वाजा उस्मान हारूनी कमेटी के अध्यक्ष मास्टर मोहम्मद सलीम लाईक ने बताया देश की खुशहाल के लिए खास दुआ मांगी गई। आखिरी में शाही खिचड़ा का लंगर भी खिलाया गया।

# वैभव नगर नवयुवक मंडल में नीतेश जैन अध्यक्ष विकास जैन सचिव बने

**इन्दौर।** धार्मिक, सामाजिक एवं परमार्थी कार्यों के लिए श्री पद्मप्रभु दिगंबर जैन मंदिर वैभव नगर में नवयुवक मंडल का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष नीतेश जैन, उपाध्यक्ष संदीप मादावत, सचिव विकास जैन, प्रचार मंत्री अनिल जैन, संयोजक रितेश जैन, सहसचिव अंकित जैन, कोषाध्यक्ष नीतेश प्रिया जैन, संस्कृति मंत्री जयपाल जैन, मीडिया प्रभारी शशांक जैन नियुक्त किए गए।

# वैष्णव बैरागी ब्राह्मण समाज का निःशुल्क सामूहिक विवाह समारोह 20 को

**इन्दौर।** स्थानीय छोटा बांगड़दा स्थित एस. एनजी परिसर सत्य सरोज वाटिका में आगामी 20 अप्रैल को श्री वैष्णव बैरागी ब्राह्मण समाज संघ के तत्वावधान में निःशुल्क सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 21 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। संरक्षक पं. योगेंद्र महंत, संघ अध्यक्ष कृष्णदास बैरागी, प्रकाश वैष्णव एवं सतीश शर्मा ने बताया कि 7.30 बजे वर-वधु का चल समारोह निकाला जाएगा। 10 बजे शुभलग्न में सभी वर-वधु सात जन्मों के लिए सात फेरे लेंगे। सामूहिक विवाह समारोह में इन्दौर सहित अन्य राज्यों के जोड़ों ने इसमें पंजीयन कराया है। कार्यक्रम के अतिथि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव होंगे। संजय वैष्णव, जगदीश वैष्णव, दीपम शुक्ला, शुभम शुक्ला, रवि अग्निहोत्री, सहित कई गणमान्य नागरिक शिरकत करेंगे।

# सेंट्रल जेल में महिला कैदी करेगी साड़ियों पर ब्लाक पेंटिंग

**इन्दौर।** केंद्रीय जेल इन्दौर में महिला कैदियों द्वारा पहली बार साड़ियों पर ब्लाक पेंटिंग का कार्य करने की शुरुआत की जा रही है। इंदौर सेंट्रल जेल अधीक्षिका अलका सोनकर के अनुसार जेल में कैदियों द्वारा अलग-अलग उद्योग संचालित किए जा रहे हैं। इसके तहत ही अब धार और महेश्वर में बनने वाली साड़ियों की तर्ज पर इंदौर जेल में भी कुछ ऐसा ही कार्य किया जाएगा। करीब 20 महिला कैदी यह कार्य करेंगी इन कैदी महिलाओं को इसका प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अन्य महिलाओं को तैयार करेंगी। जेल अधीक्षिका ने बताया कि उज्जैन में पुरुष कैदी भी साड़ियों पर ब्लॉक पेंटिंग का कार्य करते थे। इंदौर में पहली बार इसकी शुरुआत हो रही है। फिलहाल जेल में स्टील उद्योग, महिला हथकरघा उद्योग, पावर उद्योग, कार पेंटिंग, दरियां बनाने का कार्य किया जा रहा है। अब इनमें साड़ियों पर ब्लाक पेंटिंग भी जुड़ जाएगा।

## पत्रकार ताहिर कमाल सिद्दीकी को सम्मान से नवाजा



**इंदौर।** जाने माने पत्रकारों की मौजूदगी में भारतीय पत्रकारिता महोत्सव के तहत इंदौर शहर के पत्रकारों का मीडिया अवार्ड सप्तऋषि सम्मान से नवाजा गया। इसी कड़ी में हरदिल पत्रकार ताहिर कमाल सिद्दीक़ी को उत्कृष्ट पत्रकारिता हेतु मीडिया अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान पत्रकारिता के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ काम करते हुए एक आदर्श प्रस्तुत करने पर दिया गया। साथ ही ऐसे पत्रकार जिन्हें समाज मे आदरभाव से देखा जाता है, जिनका नाम इज़्ज़त से लिया जाता है, मिलनसार ताहिर सिद्दीकी को भारतीय पत्रकारिता महोत्सव में सम्मान से नवाज़ा गया। बतौर ख़ास मेहमान सांसद शंकर लालवानी, समाजसेवी प्रवीण कक्कड़, नरेंद्र सलूजा, चिंटू वर्मा, स्टेट प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल, दैनिक दोपहर के सम्पादक नवनीत शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार सुदेश तिवारी की खास मौजूदगी में अवार्ड प्रदान किये गये। विभिन्न समाचार पत्र, न्यूज़ चैनल और वेबसाइट पर बेहतर काम करने वाले पत्रकारों को गुलाबी रंग का साफा बांधकर सप्तऋषि सम्मान मीडिया अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। अभिनव कला समाज के खचाखच भरे हाल में तालियों की गड़गड़ाहट के बीच पत्रकारों को सम्मानित किया गया। स्टेट प्रेस क्लब के आलोक वाजपेयी ने सम्मान समारोह का संचालन किया।

## कार्टून कोना




सफलता की उड़ान

# आरती सोंती 6 महीने के भीतर 6 सरकारी पदों पर हुई चयनित



**शाजापुर।** शाजापुर निवासी 21वर्षीय आरती सोंती बीते क़रीब 6 महीने के अंदर 6 पदों पर चयनित हो चुकी हैं।

जानकारी अनुसार स्व. भगवानसिंह सोंती (पूर्व राज्यमंत्री) की पोती और एडवोकेट अमरसिंह सोंती की बेटी आरती सोंती (गुर्जर) का केंद्र सरकार के उद्यम एक्सपोर्ट क्रेडिट गारंटी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (श्वष्टत्नष्ट) में प्रोबेशनरी ऑफिसर के पद पर चयन हुआ हैं। वर्तमान में आरती भारतीय स्टेट बैंक में जेए के पद कार्यरत हैं। आरती सोंती ने बताया कि वह पूर्व में द न्यू इंडिया एश्योरेंस कपंनी लिमिटेड में प्रशासनिक अधिकारी, मप्र ग्रामीण बैंक मे प्रोबेशनरी ऑफिसर, मप्र ग्रामीण बैंक में ऑफिस असिस्टेंट और बैंक ऑफ बड़ौदा में कस्टमर सर्विस असोसिएट के पद पर चयनित हो चुकी हैं। उक्त सभी 6 पदों पर आयोजित हुई परीक्षाओं को अगस्त 2024 से मार्च 2025 के बीच क्वालिफाई किया। आरती अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को देती हैं। आरती के भाई एडवोकेट अमितसिंह सोंती ने बताया कि उनकी बहन आरती ने उक्त सभी परीक्षाएं बगैर कोचिंग के पहले प्रयास में ही पास की हैं।

### रूढ़िवादी परंपरा को तोड़कर उच्च शिक्षित बनाया बेटी को

आरती सोंती के एडवोकेट पिता अमरसिंह सोंती ने अपनी होनहार बेटी को पढ़ाने के लिए रूढ़िवादी परंपरा को तोड़ा।

मालवा क्षेत्र में गुर्जर समाज महिला शिक्षा के मामले में बेहद पिछड़ा हैं। अमूमन बचपन में ही बालिकाओं का वैवाहिक रिश्ता तय कर देते हैं। इस कारण बालिकाएं उच्च शिक्षा से वंचित रह जाती हैं। अब बदलाव के इस दौर में आरती सोंती समाज के लिए प्रेरणा बन सकती हैं। आरती ने पूर्व में हायरसेकेण्डरी सीबीएसई की परीक्षा में भी शत प्रतिशत अंक लाकर इंडिया स्तर पर टॉप किया था।

## अनूठा प्रयोग - बाल वाटिका 1 के बच्चों हेतु व्यक्तिगत वर्णमाला पुस्तक



**इन्दौर** बच्चों के मन में सीखने और रचनात्मकता के प्रति प्रेम को बढ़ावा देने के उद्देश्य के तहत बाल विद्यार्थियों के लिए अभिनव प्रयोग के चलते श्री सत्य साई विद्या विहार बाल वाटिका-1 के बच्चों के हेतु व्यक्तिगत वर्णमाला पुस्तक का विमोचन किया गया। इस व्यक्तिगत वर्णमाला पुस्तक को विद्यालय की नर्सरी शिक्षकों ने ही डिजाइन किया है। इस अभिनव व्यक्तिगत वर्णमाला पुस्तक की विशेषता यह है कि यह बच्चों के नाम और उनकी रुचियों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। इसमें शिक्षा और मनोरंजन को जगह दी गई है, जिसमें रंगीन चित्र और इंटरैक्टिव तत्व शामिल हैं। यह विद्यार्थियों की सीखने की जरूरतों को पूरा करती है।

## विधा जगत के अंतर्गत व्यंग्य विधा पर केन्द्रित कार्यक्रम

श्री मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति द्वारा विविध विधाओं के केन्द्रित कार्यक्रम श्रृंखला 'विधा जगत' के अन्तर्गत इस माह का कार्यक्रम 'व्यंग्य' विधा पर केन्द्रित रहेगा। 19 अप्रैल, शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम में व्यंग्यकार अश्विनी कुमार दुबे व दीपक गिरकर द्वारा व्यंग्य विधा संबंधित रचना कौशल और सृजन प्रक्रिया को लेकर जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर चुनिंदा व्यंग्य रचनाओं का पाठ भी विधा विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा। समिति के प्रचार मंत्री हरेराम IजपेयI

# वरिष्ठ समाजसेवी अलका सैनी राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण अवार्ड से सम्मानित




**इंदौर।** ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज नई दिल्ली (रजि.) द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती राष्ट्रीय जागृति महासम्मेलन के रूप में गुरुग्राम के ए डॉट ऑडिटोरियम में मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायक सिंह सैनी थे। उत्तर प्रदेश उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बिहार उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एवं विधायक छगन भुजबल, मध्य प्रदेश के मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा, पूर्व सांसद ऊपेंद्र कुशवाहा, पूर्व मंत्री डॉ. धर्मसिंह सैनी, उत्तराखंड से राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी, परमेश्वर सैनी तथा विभिन्न प्रदेशों से पधारे पूर्व मंत्री, वर्तमान एवं पूर्व विधायकों के साथ देश-प्रदेश के समाज के संगठनों के अध्यक्ष और उनके प्रतिनिधियों दीप प्रज्जवलित कर महासम्मेलन का शुभारंभ किया।

इस सम्मेलन में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले समाज के युवाओं के साथ वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी अलका सैनी का समाज के लिए किए जा रहे अनुकरणीय कार्यों के लिए राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण अवार्ड से ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सिंह सैनी की उपस्थिति में अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ताराचंद गहलोत, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष प्रदीप सैनी सहित बड़ी संख्या में देश के विभिन्न प्रदेशों के समाज के पदाधिकारी एवं उनके प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय संगठन महासचिव राजकुमार सैनी ने किया।

रहे ना रहे हम.. .. रेखा रावल की

# ये गीतमाला महका करेंगी



**इंदौर।** यूं तो इंदौर में आये दिन कोई न कोई संगीत सभा होती रहती है, लेकिन आज शाम को एक ऐसी महफिल सजी, जिसमें लताजी के 108 गीतों की लड़ी को मुख्य स्वर देने वाली एक ऐसी गायिका थी, जिन्होंने साठ वसंत पार करने के बाद गृहस्थ जीवन से सीधे मंच का रूख किया। बावजूद इसके उनके सुर सधे हुए और भावपूर्ण गायन शैली ऐसी कि पहली बार एकल प्रस्तुति की न झलक,न हड़बड़ाहट दिखी। ये थीं रेखा रावल। बिना रुके 108 गीतों वाले इस कार्यक्रम में शौकिया गायन करने वाली रेखा रावल को सुनने जाल सभागृह में उनके खासे प्रशंसक मौजूद थे।

पहले ही प्रयास में लगातार 108 गीत प्रस्तुत करना वैसे ही कठिन होता है, लेकिन रेखा ने संयत स्वर में इसे अंत तक निभाया। उनके गायन की विशेष बात यह है कि वे गीत के बोलों के साथ भाव का जो अद्भुत मिश्रण करती है, वह सुनने वाले को स्वरांजलि में डुबो देता है। उन्होंने लताजी के अविस्मरणीय गीतों में से जिन गीतों का चयन किया, वह भी उल्लेखनीय रहा। उन्होंने,लग जा गले कि फिर ये रात.. नैनों में बदरा छाये.. कान्हा आन पड़ी मैं तेरे द्वार.. उड़ के पवन के संग चलूंगी.. वो चुप रहें तो मेरे दिल के दाग जलते हैं.. आजा आई बाहर....मैं तुम्ही से पूछती हूं,मुझे तुमसे प्यार क्यों है.. ऐ मालिक तेरे बंदे हम... वो दिल कहां से लाये हम.. रात का शमा झूमे चंद्रमा.....नैना बरसे रिमझिम रिमझिम ... दिल दीवाना बिन सजना के माने ना....माही री मै..... दिल तो हैं दिल दिल का एत बार ....जैसे लोकप्रिय गीत तो लिये ही,लताजी का संभवत वो एकमात्र गीत भी लिया जो कैबरे पर फिल्माया गया है..आ जाने जा..आ मेरा ये हुस्न जवां..। कुछ युगल गीत भी थे, जिसमें साथ दिया अन्नू शर्मा ने, जिन्होंने संचालन भी किया। म्यूज टेम्पल की 195वीं प्रस्तुति का शुभारंभ प्रसिद्ध वायलिन वादक कमल कामले ने दीप प्रज्वलन से किया। दीपेश जैन के संगीत संयोजन में बेस गिटार पर राजेश मिश्रा गुड्डू,आक्टोपेड पर अमित शर्मा व ढोलक पर रवि खेड़े थे। ध्वनि संयोजन ग्लोबल साउंड का था।

# नेक्सस ट्रैज़र आइलैंड मॉल ने स्थापित किया 360 इमर्सिव डोम



**इंदौर,** नेक्सस ट्रैज़र आइलैंड मॉल ने इंदौर के पहले 360 डोम को स्थापित करने की घोषणा की है। यह शानदार रोमांचकारी डोम 15 अप्रैल से लेकर 14 मई 2025 तक लोगों के मनोरंजन के लिए उपलब्ध रहेगा। मॉल में आने वाले हर उम्र के आगंतुक इस मल्टी-सेंसरी वंडरलैंड का आनंद ले सकते हैं जहां वे गतिशील दृश्यों और इंट्रैक्टिव किस्सगोई के संगम में डुबकियां लगा सकेंगे। इस 360 इमर्सिव डोम में आपको मिलेगा मंत्रमुग्ध कर देने वाले शोज़ का बेहद खास संग्रह। हर शो लगभग 5-6 मिनट का होता है और जिसमें खोकर दर्शक कल्पना की दुनिया के सफर का लुत्फ लेते हैं। इस अनोखे इमर्सिव अनुभव में अलादीन, क्वांटम वर्ल्ड और ब्लैक होल जैसे रोमांचक शो शामिल हैं। प्रत्येक शो दृश्यों की एक संक्षिप्त यात्रा है जो दर्शकों को विविधरंगी दुनिया में आमंत्रित करती है, जो सभी उम्र के लोगों के लिए एक यादगार अनुभव प्रदान करती है।360 डोम लाइव है, और टिकट सोमवार से शुक्रवार तक 100 रुपये से शुरू होते हैं, तथा शनिवार और रविवार को 150 रुपये से शुरू होते हैं। एक महीने तक चलने वाले इस अनुभव में सभी उम्र के आगंतुकों का स्वागत है, टिकटें मॉल में ही उपलब्ध हैं।

# संगीत कार्यक्रम– पुकारता चला हूँ मैं

इंदौर।संस्था स्वर-सुधा कराओके क्लब ने रसिक श्रोताओं के लिए एक संगीत संध्या ÷पुकारता चला हूँ मैं÷ रविवार 27 अप्रेल को हिंदी साहित्य समिति सभागृह में रखी है।आयोजक राजेंद्र ओचानी ने बताया कि इस कार्यक्रम में हिंदी सिनेमा के सदाबहार नगमें बेक टू बेक,बिना ब्रेक पेश किए जाएंगे।इस संगीत संध्या को अपने मधुर कंठ से सुरमयी बनाने वाले स्टार गायक कलाकार हैं-महेश पलोड,मिष्टी महेंद्र की फेमस जोड़ी,दीवान बलवानी,अंजना पुरोहित,संजय चौहानिया, दीपक खत्री, आशीष पुरोहित, दीपक सरमण्डल, कैलाश गुरबानी, लखन भावे एवं सज्जाद खोकर ।

कार्यक्रम निःशुल्क है ।

# कैशलेस इलाज के लिए 1 घंटे में मंजूरी

**इंदौर ।** केंद्र सरकार द्वारा स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के लिए कैशलेस इलाज की मंजूरी देने के लिए नए निर्देश जारी किए हैं। सरकार ने निर्देश में कहा है, 1 घंटे के अंदर कैशलेस इलाज की मंजूरी देना बीमा कंपनियों के लिए अनिवार्य है। 3 घंटे के अंदर अंतिम सेटलमेंट करना आवश्यक है।एक वरिष्ठ अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि बीमा क्षेत्र के लिए भारत मानक ब्यूरो जैसे मानक तैयार करने पर विचार किया जा रहा है। ताकि बीमा उद्योग को सही तरीके से संचालित किया जा सके। सभी अस्पतालों में एक जैसा बीमा का फॉर्म हो। बीमा की जानकारी देने का फॉर्म सरल हो।इसके लिए मानक तैयार किया जा रहे हैं।बीमा नियामक (इरडा) ने वर्ष 2024 में तुरंत निपटारे के लिए दिशा निर्देश जारी किए थे। बीमा कंपनियां उन दिशा निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं। कई मामलों में बीमा कंपनियों ने 100 फ़ीसदी कैशलेस दावों को खारिज कर दिया है। इसके बाद सरकार ने सख्त निर्देश दिए हैं। कैशलेस इलाज की सुविधा 1 घंटे के अंदर बीमा कंपनी को देनी होगी।

## भाजपा की अनोखी पहल – जनसंघ और भाजपा के दिवंगत एवं वरिष्ठतम कार्यकर्ताओं का घर जाकर किया सम्मान

**इन्दौर** केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रमेश मेंदोला, महेंद्र



हार्डिया, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के मार्गदर्शन में विधानसभा 5 के वार्ड 41, 49, 48 में की गई एक अनूठी पहल के चलते जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी की स्थापना से लेकर अभी तक लगातार कार्य कर रहे वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं दिवंगत हो चुके कार्यकर्ताओं के घरों पर जाकर उनके परिवारों का सम्मान किया गया। भाजपा नेता राजा कोठारी ने बताया कि वार्ड 41 के सूरज नगर स्थित निवासी सुभाष जैन के घर पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनकी पत्नी कमला जैन और पुत्र अंकित जैन को सम्मान पत्र दिया। वार्ड 48 स्थित बड़ी ग्वालटोली निवासी संतोष बोरासी के निवास पर भी उसके बेटे विशाल बोरासी को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान लता कैथवास, राहुल जैन, अंकित यादव मौजूद रहे।

# नारकोटिक्स विंग द्वारा नशा मुक्ति जन जागृति कार्यक्रम आयोजित



**इन्दौर** नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत होलकर साइंस कॉलेज की प्रधानाध्यापिका मेजर डॉ. अनामिका जैन, फॉरेंसिक साइंस विभाग प्रमुख डॉ. गीता सारासन व स्टाफ की उपस्थिति में नारकोटिक्स विंग द्वारा नशा मुक्ति जन जागृति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विंग की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता अग्रवाल ने व्याख्यान, पोस्टर, बैनर एवं शॉर्ट मूवी के माध्यम से नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक व सामाजिक दुष्प्रभाव बताए। कार्यक्रम में नशे को लेकर चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

## सेवा और जागृति कार्यक्रम का शुभारंभ कर पक्षियों और स्ट्रीट डाग के लिए दाना पानी का किया इंतजाम



**इन्दौर** वार्ड 40 निपानिया के स्कीम-134 रो-हाउस परिसर स्थित सार्वजनिक श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर परिसर से बैरवा समाज के गौरव व प्रथम देहदानी स्वर्गीय सतीश कारोले की 7वीं पुण्यतिथि पर सेवा और जागृति कार्यक्रम का शुभारंभ कर पक्षियों के दाना-पानी और स्ट्रीट डॉग के लिए पानी की व्यवस्था की शुरुआत की गई। इस अवसर पर विधायक महेंद्र हार्डिया ने कहा कि पिछड़ी बस्ती और मजदूर क्षेत्र में रहने वाले बैरवा समाज के समाज चिंतक सतीश कारोले द्वारा मानवता की भलाई का काम किया था।

# अजय शंकर उकास प्रकृति कालोनी रहवासी संघ के अध्यक्ष बने, कविता जैन सचिव



**इन्दौर** प्रकृति कालोनी बिचौली हप्सी में गठित प्रकृति कालोनी रहवासी संघ की वार्षिक साधारण सभा सम्पन्न हुई। साधारण सभा के साथ ही संघ के द्विवर्षीय चुनाव भी सम्पन्न कराने गए। सम्पन्न हुए

चुनाव में अजय शंकर उकास अध्यक्ष, कविता जैन सचिव, सुदेश हासवानी उपाध्यक्ष, संदीप बलवानी कोषाध्यक्ष एवं राजेश राजपाल संयुक्त सचिव निर्वाचित हुए।

20 अप्रैल से सीएम राइज विद्यालय में लगेगा ग्रीष्मकालीन शिविर

# दस दिनों तक मस्ती की पाठशाला में विद्यार्थी सीखेंगे हुनर







**धार। सीएम राइज विद्यालय में 20 अप्रैल से 30 अप्रैल तक ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए विभिन्न विधाओं में उन्हें प्रशिक्षित किया जायेगा। सीएम राइज विद्यालय के प्राचार्य डॉ स्मृति रत्न मिश्र ने बताया कि आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग भोपाल के निर्देशानुसार दस दिवसीय शिविर का आयोजन विद्यालय में प्रातः7 बजे से किया जायेगा। इसमें परंपरागत कक्षाओं से हटकर विभिन्न प्रकार की रचनात्मक एवं रोजगारोन्मुखी गतिविधियों का आयोजन रोचक तरीके से होगा। शिविर के अंत में विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई वस्तुओं की प्रदर्शनी भी आयोजित की जायेगी। प्रदर्शनी में तैयार की गई वस्तुओं को विद्यार्थी बेच भी सकेंगे जिससे उनमें स्वावलंबन की भावना भी विकसित होगी।**

यह शिविर पूर्णतः निःशुल्क है और हर दिन योग एवं मेडिटेशन के साथ शिविर में गतिविधियों की शुरुआत होगी। तत्पश्चात विभिन्न प्रकार की रचनात्मक एवं रोजगारोन्मुखी गतिविधियां विद्यार्थियों को सिखाई और करवाई जाएगी। शिविर में मिट्टी से मूर्तियां बनवाना, बांस से उपयोगी वस्तुएं बनवाना, बेकार की वस्तुओं, सुतली आदि से विभिन्न सजावटी सामान तैयार करवाना, सिलाई एवं कढ़ाई, नृत्य, संगीत ड्राइंग, क्राफ्टकला, खेलकूद, मांडने बनाना, डिजिटल लिट्रेसी, नैतिक शिक्षा, लोककला, लोकसंगीत आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रतिदिन निःशुल्क स्वल्पाहार भी करवाया जाएगा। ज्ञातव्य हो कि विगत वर्षों में भी जिला मुख्यालय पर सीएम राइज विद्यालय में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया था जो काफी सफल रहा था।





# एलपीजी संयंत्र में राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल का आयोजन

**धार।** बीपीसीएल पीथमपुर एलपीजी प्लांट में एक ऑफ़साइट मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में विभिन्न एजेंसियों की तैयारियों और प्रतिक्रिया का आकलन करना था। इस अभ्यास में जिला प्रशासन, आपदा प्रतिक्रिया दल, कानून प्रवर्तन एजेंसियां, औद्योगिक सुरक्षा और स्वास्थ्य विभाग, सरकारी एजेंसियां, चिकित्सा प्रतिक्रिया दल और आपसी सहायता सदस्य शामिल थे।आपातकालीन स्थिति के लिए विभिन्न एजेंसियों की तैयारियों का आकलन करना और सुधार के क्षेत्रों की पहचान करना के उद्देश्य से आयोजित ड्रिल में सभी एजेंसियों ने अपने कार्यों और जिम्मेदारियों की अच्छी समझ दिखाई। एजेंसियों के बीच प्रभावी संचार और समन्वय देखा गया।जिला प्रशासन, एसडीआरएफ, फायर ब्रिगेड, स्थानीय पुलिस, ट्रैफिक पुलिस औद्योगिक स्वास्थ्य और सुरक्षा फैक्टरी विभाग, एमपीआईडीसी, एमपीईबी, चिकित्सा अधिकारी, एसडीओ, आपसी सहायता सदस्य की भागीदारी रही। इंसिडेंट कमांडर एवं संयुक्त कलेक्टर श्री जगदीश मेहरा , सरकारी नामित पर्यवेक्षक श्री धीरेश सक्सेना और बीपीसीएल संयंत्र प्रबंधक श्री प्रतीक श्रीवास्तव ने आपदा तैयारियों के प्रति सक्रिय भागीदारी और प्रतिबद्धता के लिए सभी भाग लेने वाली एजेंसियों की सराहना की।

# कलाकुंज ऑर्ट क्लासेस ड्राईंग कॉपीटिशन 20 अप्रेल को

नागदा जं. निप्र रू कलाकुंज आर्ट क्लासेस नागदा के तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिये रचनात्मक ड्राईंग कॉपीटिशन का आयोजन दिनांक 20 अप्रेल रविवार को सायं 6 बजे से 7 बजे तक माधव पार्क, प्रकाश नगर नागदा पर रखा गया है। कॉम्पीटिशन में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थी भाग ले सकते है।

कलाकुंज आर्ट क्लासेस के संचालक एवं कॉम्पीटिशन के संयोजक नवीन जोशी तथा संरक्षक प्रकाश जैन ने बताया कि 20 अप्रेल रविवार को माधव पार्क प्रकाश नगर में होने वाले इस कॉम्पीटिशन में भाग लेने के लिये प्रत्येक विद्यार्थी के लिये 20 रूपये शुल्क निर्धारित है जो आनलाईन पेमेन्ट मोबाईल नंबर 8120058005 पर भेज कर जमा कर सकते है। पेमेन्ट करने के बाद अपना नाम, कक्षा लिखकर व्हाटसअप पर स्क्रीनशॉट अवश्य भेजे। कॉम्पीटिशन में भाग लेने हेतु अंतिम तिथि 19 अप्रेल शनिवार रहेगी इसके पश्चात किसी को भी प्रवेश नहीं मिल पायेगा। प्रतियोगी को अपने साथ रंग, ब्रश, पटिया, पानी की बोतल, कॉटन क्लॉथ लाना होगा। आयोजको द्वारा सिर्फ पेपर उपलब्ध कराया जायेगा। जोशी ने बताया कि इस ड्राईंग कॉम्पीटिशन विषय मुक्त रहेगा अर्थात् विद्यार्थी अपनी कल्पना से कोई सी भी ड्राईंग बना सकते है। इस प्रकार बच्चो की कल्पना की उड़ान का पता चलेगा। प्रतियोगियो को तीन ग्रुपो में विभाजित किया जायेगा। ग्रुप ए में कक्षा 1 व 2, ग्रुप बी में कक्षा 3 से 5 एवं ग्रुप सी में कक्षा 6 से 8 के बच्चे रहेंगे। तीनो ग्रुप्स में से प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के विजेताओं को पुरूस्कृत किया जायेगा। साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चो को प्रमाण पत्र दिये जायेंगे। जोशी ने नगर के समस्त विद्यालय संचालको से अनुरोध किया है कि अपने स्कूल के अधिक से अधिक बच्चो को इस ड्राईंग कॉपीटीशन में भाग लेने हेतु प्रेरित करे एवं समय पर पंजीकरण कराए।

सिंधिया ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया,

# केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का रास्तेभर स्वागत मंच लगाकर कार्यकर्ताओ ने किया स्वागत

**बदनावर। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया का शुक्रवार को इंदौर से रतलाम जाते समय बदनावर विधानसभा क्षेत्र के कई गांवो में धूमधाम से कार्यकर्ताओ ने स्वागत किया। सिंधिया के साथ मध्यप्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट, पूर्व उद्योग मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, भाजपा जिलाध्यक्ष निलेश भारती आदि नेता थे।**



वे इंदौर से सड़क मॉर्ग से सादलपुर पहुंचे। जहां पार्टी कार्यकर्ताओं ने ढोल ढमाके के साथ स्वागत किया। इसके पश्चात वे नागदा, कानवन, अंबोदिया फाटा, छोकला टोल प्लाजा व घटगारा होते हुए काफिले के साथ बदनावर बड़ी चौपाटी पहुंचे। जहां धुमधाम से ढोल ढमाके व आतिशबाजी के साथ सिंधिया का स्वागत किया गया। चौपाटी पर नगर परिषद व करणी सेना की ओर से दो अलग अलग स्वागत मंच लगाए गए थे। नगर परिषद अध्यक्ष मीना शेखर यादव के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने 51 किलो की पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन भी किया। चौपाटी से रवाना होकर वे मुलथान चौपाटी पहुंचे। वहां कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से उनका स्वागत किया। इसके बाद वे रतलाम के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री महेन्द्रसिंहः पिपलीपाडा व राजेश अग्रवाल, करनी सेना के प्रदेश अध्यक्ष शिवप्रतापसिंह चौहान, नगर परिषद अध्यक्ष मीना शेखर यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अशोक सोनी, धर्मेंद्र शर्मा व जितेंद्र जाट, जिला पंचायत सदस्य विक्रम पटेल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिनेश गिरवाल, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष जहांगीर लाला, नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह पंवार समेत भाजपा के मंडल अध्यक्ष संजय सिंह राठौर, गोविंद रघुवंशी, संतोष ढोलकिया, धर्मेंद्र राठौड़ व मुन्नालाल पटेल समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।





# बाकानेर मान नदी रपट पर बारात की बस पलटी खाई एक महिला की मृत्यु अनेक घायल

बाकानेर सैयद अखलाक अली धार जिले के मनावर तहसील के बाकानेर में नागदा जंक्शन से आ रही बारात की बस सुबह 9~00 बजे बाकानेर मान नदी रपट पर पलटी खा गई एक बाराती महिला की मृत्यु हुई अनेक बाराती घायल हुए जिनका बाकानेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार चल रहा है सभी खतरे से बाहर है मुख्य विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कुलदीप कुमार नाग मेडिकल ऑफिसर वीरेंद्र कुमार धारवे डॉक्टर सिसोदिया डॉक्टर पवैया की टीम घायलों का उपचार कर रही है। बारात नागदा जंक्शन जिला उज्जैन से धार जिले के ग्राम कुव्वाली बडदा में जा रही थी। दूल्हा राजपाल सिंह की मौसी जी की इस हादसे में मृत्यु हो गई। मान नदी पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है प्रधानमंत्री सड़क योजना में ऊंचे पुल की डीपीआर बन गई है लगभग 20 करोड़ की लागत से ऊंचा ब्रिज बनेगा जिससे हादसों रुकेंगे लेकिन अब तक टेंडर नहीं हुए हैं। वरिष्ठ पत्रकार सैयद रिजवान अली क्षेत्र के नागरिको ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी से शीघ्र टेंडर कर ऊंचे ब्रिज की मांग की है।



# श्री राम कथा का विधि विधान के साथ किया गया शुभारंभ

टांडा ( धार) श्री राम चरित्र मानस यह पुस्तक नहीं है और नाही पोथी है! यह स्वयं भगवान राम का स्वरूप है यह कथा जहां होती है वहां प्रभु श्री राम अपने परिवार सहित भक्त हनुमान के साथ अवश्य विराजमान होते हैं उक्त उद्गार कथावाचक ज्योतिषाचार्य गौ भक्त पंडित श्री बनवारी लालजी चौबे बापचा इंदौर ने व्यक्त किए। गुरुवार को विधि विधान के साथ पोथी का पूजन कर कथा स्थल लाया जाकर आरती पूजन कर कथा प्रारंभ की गई। कथा आयोजन स्थल प्राचीन श्री नर्सिंग मंदिर परिसर पर प्रतिदिन लक्ष्मी नारायण पूजन अभिषेक एवं हवन प्रतिदिन किया जाएगा। जिसमें नगर के धर्म प्रेमी जनता सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेगे। यहां पर प्रतिदिन सुबह लक्ष्मी नारायण यज्ञ पूजन हवन के बाद शाम में कथा प्रारंभ हो रही है, जिसमें नगर की जनता सम्मिलित होकर धर्म लाभ ले रही हैं। ज्योतिषाचार्य पंडित श्री बनवारी लालजी महाराज ने बताया कि कथा श्रवण करना, कथा कराना भाग्य उदय होने से ही होता जिस नगर में कथा पूजन हवन होते है नगर को इसका लाभ मिलता है ! अभी आगे कथा में भगवान राम के चरित्र पर कई रोचक प्रसंग आएंगे।

वर-वधू पक्ष से 21 हजार रुपए पंजीयन शुल्क लिया जाएगा

# समाज सुधार उद्देश्य को लेकर जैन समाज का सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन

ईफराज कुरैशी, कुक्षी / आज के समय में दिखावे की होड़ में छोटे परिवार भी बड़े खर्चों के चलते कर्ज में डूब रहे हैं। इसी को देखते हुए जैन समाज में खर्च पर नियंत्रण और समाज सुधार के उद्देश्य से मधुकर आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन मोहनखेड़ा तीर्थ स्थित श्री जयंतसेन म्यूजियम के पास अक्षत मंगल परिसर में होगा।



आयोजन 1 और 2 जून को होगा। विवाह में भाग लेने वाले वर-वधू पक्ष से केवल 21 हजार रुपए पंजीयन शुल्क लिया जाएगा। विवाह संस्कार जैन परंपरा के अनुसार विधिकारक द्वारा संपन्न होगा। आयोजन के मुख्य लाभार्थी सुधीर पावेचा परिवार धार से होंगे। विशेष लाभार्थियों में प्रकाश छाजेड़ परिवार, वास्तुविद राजेश नाहर, सुरेश तांतेड़, राजेंद्र दंगवाड़ा वाला, रवि-राखी रांका शामिल हैं। सहयोगी लाभार्थी मोतीलाल बाबूलाल ओरा और सारिका-धर्मेंद्र कोलन रहेंगे। सारिका कोलन महिला परिषद मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष हैं।अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी ब्रजेश बोहरा ने बताया कि वर-वधू पक्ष को 50-50 मेहमान लाने की अनुमति होगी। दोनों पक्षों को अलग-अलग 5-5 कमरे दिए जाएंगे। कार्यक्रम की शुरुआत 1 जून को दोपहर 2 बजे मेहमानों के आगमन से होगी। शाम को भोजन और संगीतमय प्रभु भक्ति का आयोजन होगा। 2 जून की सुबह प्रभुदर्शन, नवकारसी और सामूहिक वरघोड़ा निकलेगा। दोपहर 12~39 बजे पाणीग्रहण संस्कार होगा। आशीर्वाद समारोह और प्रीतिभोज सुबह 11.30 से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। पूरा आयोजन जैन परंपरा के अनुसार और जयणा भोजन पद्धति से होगा। पंजीयन ब्रजेश बोहरा नागदा, प्रणय भंडारी राजगढ़, प्रवीण डूंगरवाल नयागांव और राहुल जैन से करवायरा जा सकता है।

## नवागत शाखा प्रबंधक का जनपद अध्यक्ष ने किया स्वागत



**सैलाना।** सेंट्रल बैंक की स्थानीय शाखा में शाखा प्रबंधक के रूप में गुरुवार को जिले की ही कालूखेड़ा शाखा से स्थांतरित हो कर आए प्रेमसिंह डिंडोर ने पदभार ग्रहण कर लिया हैं। उल्लेखनीय हैं कि यहां के शाखा प्रबंधक हितेश बारिया का अन्यत्र तबादला होने के कारण ये पद रिक्त था। डिंडोर के कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात सैलाना जनपद अध्यक्ष कैलाशी चारेल, छात्रावास अधीक्षक रामचंद्र चारेल, दिनेश कुमावत आदि ने उनका अभिनंदन कर सौजन्य मुलाकात की। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात डिंडोर ने कहा कि बैंक में हर ग्राहक के लिए सदैव उच्च स्तर की सेवाएं मिलेगी। सभी प्रकार की समस्या का समाधान करने के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगे।जनपद अध्यक्ष ने उन्हें हर रचनात्मक मदद हेतु आश्वस्त किया।

## सैलाना के पटेल हुए सम्मानित



**सैलाना।** योगेश पटेल सर के नाम से जाने वाले योगेश ने सहायक प्राध्यापक पड़ पर इनकी नियुक्ति मंदसौर कॉलेज में हुई ओर वहां पर एनसी सी अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल को वर्ष 2024 में एन सी सी में उत्कृष्ट के करने पर चीफ़ ऑफ़ कमांडेंट का सम्मान मिला पूरे मध्यप्रदेश में एन सी सी में केवल योगेश पटेल को ही यह अवार्ड मिला है सेना कार्यालय से सम्मान प्राप्त होने के बाद सभी शुभचिंतको ने बधाई दी है सैलाना नगर परिषद अध्यक्ष श्री चेतन्य शुक्ल पूर्व अध्यक्ष श्री जगदीश पाटीदार अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेन्द्रसिंह राठौर गोपाल काग आदि सभी ने भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## चेकिंग स्टामफ की सतर्कता के कारण एक नाबालिग बच्ची् बची



**जावरा ।** को उप मुख्ये टिकट चेकिंग निरीक्षक श्री शंकरलाल राठोर मुख्याालय चित्तौफड़गढ़ गाड़ी संख्याी 19817 हल्दिघाटी एक्सबप्रेस में टिकट चेकिंग का कार्य कर रहे थे । जावरा से ट्रेन चलने के बाद एस 1 में एक नाबालिग लड़की उम्र लगभग 12 वर्ष अकेली बैठी मिली। टिकट पुछने पर बताया कि उसके पापा ने उसे बैठाया है और वो भी आ ही रहे हैं। चूँकि ट्रेन जावरा से चल चुकी थी तो पुन~ उससे पुछा तो उसके बताने का हाव-भाव काफी अलग लग रहे थे। उस लड़की द्वारा बात करने के तरीके को देखकर श्री राठोर ने उसे अपने सीट के पास ही बैठाया तथा पुन~ उससे उसके माता-पिता के बारे में पूछा तो बताया कि मुझे अपनी माता-पिता के पास नहीं जाना तथा उनका संपर्क नम्ब र भी नहीं बताया। श्री राठोर ने परिस्थिति को समझकर इसकी सूचना वाणिज्ये कंट्रोल को दी तथा मंदसौर रेलवे स्टे शन पर उक्तर लड़की को आगे की कार्यवाही के लिए रेलवे सुरक्षा बल को सुपुर्द कर दिया। चेकिंग स्टोफ की तत्पकरता एवं सतर्कता के कारण ही ना?बालिग बच्चौ को परिवार से बिछड़ने से बचाया जा सका । हमारे चेकिंग स्टाकफ न केवल टिकट चेकिंग से संबंधित कार्यों का कुशलता पूर्वक निष्पाकदन करते हैं बकि इस प्रकार के परिस्थितियों पर भी विशेष ध्या न रखते हैं। इस प्रकार की घटनाएं इस बात का प्रमाण है कि हमारे टिकट चेकिंग स्टा फ न केवल अपने कार्य के प्रति दृढ़संकल्पित हैं बल्कि सामाजिक दायित्वों् के निर्वहण में भी काफी अग्रणी हैं।

# पुलिस द्वारा गत रात्रि जुएं के अड्डे पर दबिश

## 09 जुआरियो को जुंआ खेलते पकड़ा, 14,040 रुपए व ताश पत्ते जप्त किए

**रतलाम।**

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा सभी थाना प्रभारियों को अपने थाना क्षेत्र में आदतन अपराधियों, असामाजिक तत्वों, एवं अवैध गतिविधियों सट्टा-जुंआ में संलिप्त लोगों पर कड़ी कारवाई करने के निर्देश प्रदान किए गए है।

इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा एवं नगर पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डीडी नगर रवींद्र दंडोतिया के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने काम्बिंग गश्त के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि हाट रोड पर अस्सु उर्फ असलम के घर की छत पर बैठकर कुछ लोग दो अलग अलग घेरा बनाकर ताश पत्तो से जुआ खेलकर रूपये पैसो का दाव लगाकर अवैध लाभ कमा रहे है तत्काल दबिश दी जाए तो पकडे जा सकते है। सूचना विश्वसनीय मुखबिर की होने पर मौके पर राहगीर पंचान को तलब कर पंचान व हमराह फोर्स को मुखबीर सुचना से अवगत कराकर मुखबिर सूचना पंचनामा बनाया बाद फोर्स व पंचान को हमराह लेकर मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर पहुचकर दबिश देते,अस्सु उर्फ असलम के घर की छत पर 10 लोग जो पाँच पाँच का अलग अलग गोल घेरा बनाकर रूपये पैसो से ताश पत्ते खेलते हुए पाए गए जिन्हें पंचानों व फोर्स की मदद से घेराबंदी कर ताश पत्ते खेलने वालें व्यक्तियों को पकड़ा और एक व्यक्ति मौके से छत से कुदकर भाग गया तथा पकडे गए व्यक्तियो से उनका नाम पता पुछते पहले व्यक्ति ने अपना नाम मंजुर पिता स्व.अमीनुद्दीन शाह उम्र 54 वर्ष निवासी मदीना कालोनी रतलाम का होना बताया, दुसरे व्यक्ति ने अपना नाम रमजानी पिता रसीद खलीफा उम्र 28 वर्ष निवासी वीरियाखेडी मैन रोड रतलाम, तीसरे व्यक्ति ने अपना नाम सगीर पिता गुलाम मोहम्मद अंसारी उम्र 64 वर्ष



निवासी मदिना कालोनी रतलाम,चौथे व्यक्ति ने अपना नाम अब्दुल कादर पिता अब्दुल हनीफ जाति पठान उम्र 50 वर्ष निवासी छोटु बादशाह के पास ,सुभाष नगर रतलाम का होना बताया,पांचवे व्यक्ति ने अपना नाम समीर पिता रसीद खलीफा उम्र 24 वर्ष निवासी विरियाखेडी रतलाम का होना बताया तथा दुसरे गोल घेरे से बैठे पहले व्यक्ति ने अपना नाम जावेद पिता अफसार खान उम्र 24 वर्ष निवासी वीरियाखेडी, दुसरे व्यक्ति ने अपना नाम शब्बीर पिता सलीम मोहम्मद उम्र 30 वर्ष निवासी शहर सराय आबकारी चौराहा रतलाम, तीसरे व्यक्ति ने अपना नाम रहीम पिता मो.समी पठान उम्र 52 वर्ष निवासी शेरानीपुरा रतलाम, चौथे व्यक्ति ने अपना नाम सागीर पिता मुबारिक शाह उम्र 37 वर्ष निवासी मदिना कालोनी रतलाम का होना बताया तथा मौके से भागे व्यक्ति का नाम अस्सु उर्फ असलम पिता अब्दुल रसीद निवासी हाट रोड रतलाम का होना बताया, जो उक्त सभी आरोपियो का कृत्य धारा 13 जुआं एक्ट के तहत दण्डनीय होने से कुल जुआ राशि 14040/- रूपये व 102 ताश पत्ते पंचान समक्ष विधिवत जप्ती पंचनामा तैयार कर जप्त किये गया। आरोपीयो के विरूद्ध धारा 13 जुआं एक्ट का अपराध क्रमांक-297/2025, धारा-13 जुआ एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### गिरफ्तार आरोपीयो का नाम

1. मंजुर पिता स्व.अमीनुद्दीन शाह उम्र 54 वर्ष निवासी मदीना कालोनी थाना माणकचौक रतलाम
2. रमजानी पिता रसीद खलीफा उम्र 28 वर्ष निवासी वीरियाखेडी मैन रोड थाना ओ.क्षेत्र रतलाम
3. सगीर पिता गुलाम मोहम्मद अंसारी उम्र 64 वर्ष निवासी मदिना कालोनी थाना माणकचौक रतलाम
4. अब्दुल कादर पिता अब्दुल हनीफ जाति पठान उम्र 50 वर्ष निवासी छोटु बादशाह के पास, सुभाष नगर रतलाम
5. समीर पिता रसीद खलीफा उम्र 24 वर्ष निवासी विरियाखेडी थाना ओ.क्षेत्र रतलाम
6. जावेद पिता अफसार खान उम्र 24 वर्ष निवासी वीरियाखेडी थाना ओ.क्षेत्र रतलाम
7. शब्बीर पिता सलीम मोहम्मद उम्र 30 वर्ष निवासी शहर सराय आबकारी चौराह थाना दीनदयाल नगर रतलाम
8. रहीम पिता मो.समी पठान उम्र 52 वर्ष निवासी शेरानीपुरा रतलाम थाना स्टेशन रोड रतलाम
9. सागीर पिता मुबारिक शाह उम्र 37 वर्ष निवासी मदिना कालोनी थाना माणकचौक रतलाम

फरार आरोपी - असलम उर्फ आस्सु पिता अब्दुल रसीद निवासी हाट रोड थाना दीनदयाल नगर रतलाम

जप्त राशि- नगदी जुआ रकम 14040/- रूपये व 102 ताश विधिवत जप्त किया गया ।

सराहनीय भूमिका- निरी. रविन्द्र कुमार डण्डोतिया, उनि. मुकेश सस्तिया, प्र.आर.568 हेमेन्द्र सिंह, प्र.आर.373 नारायण जादौन, आर.936 संजय कुशवाह, आर.36 सुर्यप्रसाद, आर.736 सोनु सुर्यवंशी,सैनीक मोहसिन खान की मुख्य भुमिका रही है।

# वार्ड क्रमांक 13 में होंगे 40 लाख के विकास कार्य

## महापौर प्रहलाद पटेल ने किया विकास कार्यो का भूमि पूजन

**रतलाम ।** वार्ड क्रमांक 13 में 40 लाख के विभिन्न विकास कार्यो का भूमि पूजन महापौर प्रहलाद पटेल ने निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती आशा रावत व क्षेत्रिय नागरिकों के साथ विधिवत् पूजा-अर्चना कर किया।



महापौर प्रहलाद पटेल ने बताया कि निगम परिषद द्वारा नगर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य करवाये जा रहे है जिसके तहत वार्ड क्रमांक 13 में जवाहर नगर ए कॉलोनी क्षेत्र की सीसी बैकलाइन सड़क, हरिजन बस्ती स्थित सड़क, जवाहर नगर ए कॉलोनी स्थित सड़क का डामरीकरण, जवाहर नगर ए कॉलोनी स्थित अंबेडकर मांगलिक हॉल के नवीनीकरण कार्य, जवाहर नगर बी कॉलोनी स्थित शीतला माता मंदिर बगीचे की बाउंड्रीवाल निर्माण, अंबेडकर नगर झुग्गी बस्ती स्थित सड़क का सीमेंटीकरण किया जायेगा।

उन्होने कहा कि नगर निगम परिषद जनता की मंशानुरूप विकास कार्य करवा रही है नागरिको का भी दायित्व है कि रतलाम नगर को स्वच्छ सुन्दर बनाने हेतु अपने घरो व दुकानों से निकलने वाले कचरे का स्त्रोत पर ही पृथक्कीकरण कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक भागों में डाले। इस अवसर पर पूर्व पार्षद राजीव रावत के अलावा जगदीश सूर्यवंशी, बसंतीलाल निकम, जमन मुरारी, शांताराम करदे, मनोज वर्मा, मोहन कनहर, बंटी मरमट, राकेश कनहर, भारत नगरवत, अजय कुम्हार, रवि रमन, विजय परमार, संतोष लिंबोडिया, गोपी महाराज, जितेन चावंड, श्रीमती दुर्गा तलोदिया, श्रीमती कमलेश चौहान, श्रीमती हंस राठौर, श्रीमती मंजू कच्छावा, श्रीमती कमलाबाई, श्रीमती सुजाता सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती आशा रावत, पूर्व पार्षद राजीव रावत व क्षेत्रिय नागरिकों ने पुष्पमाला व पुष्प गुच्छ से किया।

## ई-उपार्जन पोर्टल पर तुअर फसल का उपार्जन के लिए पंजीयन 20 अप्रैल तक

**रतलाम ।** जिले के किसान ई-पोर्टल पर रबी मौसम 2024-25 में तुअर फसल के पंजीयन करवाकर शासन की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ ले सकते हैं। किसान तुअर फसल का पंजीयन ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत में स्थापित सुविधा केन्द्रों, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्रों तथा सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र एवं एम.पी. किसान एप आदि पर भी पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था है। उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि श्रीमती नीलमसिंह चौहान ने बताया कि तुअर फसल का पंजीयन जिले के निर्धारित 6 पंजीयन केन्द्रों विपणन सहकारी संस्था मर्यादित आलोट, प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित ताल, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति धराड, प्राथमिक सहकारी संस्था भीमाखेडी जावरा, प्राथमिक सहकारी समिति उपलई तथा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कछालिया पर कार्यालयीन समय में ई-उपार्जन पोर्टल पर निःशुल्क पंजीयन करवा सकते हैं। किसान के विगत वर्ष के पंजीयन में उल्लेखित आधार नम्बर, बैंक खाता, मोबाइल नम्बर में किसी प्रकार के परिवर्तन, संशोधन की आवश्यकता होने पर संबंधित दस्तावेज स्वरुप पंजीयन केन्द्र पर लाना होंगे। जिन किसानों द्वारा विगत रबी एवं खरीफ में पंजीयन नहीं कराया गया था एवं ई-उपार्जन पोर्टल पर उनका डाटाबेस उपलब्ध नहीं है, ऐसे किसानों को समिति स्तर पर पंजीयन हेतु आधार नम्बर, बैंक खाता, मोबाइल एवं निर्धारित प्रारुप में आवेदन पंजीयन केन्द्र पर उपलब्ध कराना होगा। तुअर फसल के पंजीयन की अंतिम तिथि 20 अप्रैल है।

# चोरी गयी बोलोरो पिकअप की बरामदगी

**रतलाम ।**

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन व अति. पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा व नगर पुलिस अधीक्षक सत्येन्द्र घनघोरिया के मार्ग दर्शन में थाना स्टेशन रोड रतलाम थाना प्रभारी निरीक्षक स्वराज डाबी के नेतृत्व मे गठित टीम द्वारा चोरी गयी बोलोरो पिकअप की बरामदगी एवं चोरी मे लिप्त आरोपी को पकडने मे सफलता प्राप्त की है।

दिनांक 14.04.2025 को आनंद बिग मॉल के पास रतलाम से बोलोरो पिकअप क्रमांक एमपी 43 जी 21 32 कीमती ?3,00,000 रूपये की चोरी होने पर दिनांक 14.02.2024 को फरियादी इस्माइल पिता इसाक खान निवासी मानसरोवर टीटी नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना स्टेशन रोड पर अपराध क्रमांक 293/2024 धारा 303(2) ब्नृह्स का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन, तत्काल एक पुलिस टीम का गठन किया गया एवं चोरी गयी कार एवं अज्ञात आरोपी की पतारासी हेतु सम्भावित सभी रुट पर नाकाबंदी कर चेकिंग की गयी तथा घटना स्थल पर आरोपी के आये फुटेज के आधार पर सम्भावित सभी स्थानो के सीसीटीवी फुटेज चेक किये गये। बाद अमलनेर जिला जलगांव महाराष्ट्र से आरोपी फिरोज खान पिता हामिद खान उम्र 29 साल निवासी राजू रतन कॉलोनी उज्जैन व दानिश शेख पिता अब्दुल शेख 28 साल निवासी मुगलपुरा शाजापुर चोरी की गई बोलेरो पिकअप क्रमांक एमपी 43 जी 2132 की बरामद की जाकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया ।

बरामद मश्रुका- बोलोरो पिकअप क्रमांक एमपी 43 जी 21 32 कीमती ?300000 करीबन रुपये

महत्वपूर्ण भूमिका :- उक्त आरोपी को पकडने एवं चोरी गया माल मश्रुका बरामद मे थाना प्रभारी स्टेशन रोड निरीक्षक स्वराज डाबी के प्रभारी उनि. राजू मखोड प्रधान आरक्षक निलेश पाठक का सराहनीय योगदान रहा।

## बंगाल की स्थिति अत्यधिक चिंताजनक, अविलंब राष्ट्रपति शासन लगाया जाए

**मन्दसौर ।** विश्व हिन्दू परिषद, बजरंगदल जिला मंदसौर मालवा प्रांत द्वारा पश्चिम बंगाल में हिंदुओं के साथ लगातार हो रही हिंसा और अत्याचार के विरोध में कड़ा आक्रोश व्यक्त करते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंका व महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिा प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की। ज्ञापन में कहा कि वक्फ कानून के विरोध की आड़ में संपूर्ण बंगाल को जिस प्रकार हिंसा की आग में जलाया जा रहा है, हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है, राष्ट्र विरोधी और हिंदू विरोधी तत्वों को निर्बाध रूप से अपने षडयंत्रों को क्रियान्वित करने की खुली छूट दी जा रही है, उससे स्पष्ट लगता है कि बंगाल की स्थिति अत्यधिक चिंताजनक है। महामहिम राष्ट्रपति से मांग की कि बंगाल में अविलंब राष्ट्रपति शासन लगाया जाए । बंगाल की हिंसा की जांच एनआईए के द्वारा करवाई जाए और दोषियों को अविलंब दंडित किया जाए । बंगाल की कानून व्यवस्था का संचालन केंद्रीय सुरक्षा बलों के हाथों में दिया जाए। बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान कर उनको निष्कासित किया जाए।

# पुलिस द्वारा कांबिंग गश्त कर, गुंडे बदमाशों व असमाजिक तत्वों के विरुद्ध की प्रभावी कार्यवाही

## जिले के सभी अनुभागो में पुलिस टीम बनाकर की गई कार्यवाही

**रतलाम।** जिले में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण हेतु पुलिस महानिदेशक के निर्देशों के अनुक्रम में, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार की अगुवाई में, सभी अनुभागों में सीएसपी/एसडीओपी के नेतृत्व मे रात से सुबह तक जिले के सभी अनुभागों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा एवं प्रशिक्षु आईपीएस विक्रम अहिरवार के मार्गदर्शन में सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया, एसडीओपी किशोर पाटनवाला, सीएसपी जावरा दुर्गेश आर्मो, एसडीओपी जावरा संदीप मालवीय, एसडीओपी सैलाना सुश्री नीलम बघेल, उप पुलिस अधीक्षक अजय सारवान, उप पुलिस अधीक्षक अनिल राय, उप पुलिस अधीक्षक शेर सिंह भूरिया, के नेतृत्व में संबंधित थाना प्रभारी एवं थाने के पुलिसकर्मियों की टीम बनाकर गुंडे बदमाशों, वारंटियों, असामाजिक तत्व पर निगरानी एवं धरपकड़ के लिए कॉम्बिंग गश्त की गई।





पुलिस अधीक्षक अमित कुमार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा द्वारा पुराने पुलिस कंट्रोल रूम पर बल को ब्रीफ कर शहर में कांबिंग गस्त हेतु रवाना किया गया। रात्रि में पुलिस अधीक्षक द्वारा गश्त चेकिंग की गई। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में संबंधित सीएसपी/एसडीओपी द्वारा अपने अनुभाग के बल की ब्रीफिंग कर कॉम्बिंग गस्त हेतु रवाना किया गया। कांबिंग गश्त के दौरान जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकरणों में वांछित लंबे समय से फरार-29 स्थाई वारंटियों, 92-गिरफ्तारी वारंट तामील करवाए गए। पुलिस टीम द्वारा ढाबों, होटलों, एवं सार्वजनिक स्थानों की चेकिंग की गई। जिलाबदर, हिस्ट्री शीटर, निगरानी गुंडा बदमाश चेक किए। चेकिंग के दौरान रात्रि में बेवजह घूमने वाले लोगों को समझाइश दी गई।

पुलिस द्वारा गुंडे/बदमाशों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना माणकचौक एवं औद्योगिक क्षेत्र रतलाम का किया औचक निरीक्षण- पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा रात्रि में थाना माणकचौक एवं थाना औद्योगिक क्षेत्र रतलाम पहुंचकर औचक निरीक्षण किया गया। थाना परिसर, हवालात, मलखाने, रजिस्टर का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। थाना क्षेत्र की कानून व्यवस्था का जायजा लिया।

# पंजाब किंग्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 5 विकटों से हराया




**बैंगलुरु।** पंजाब किंग्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को IPL के 34वें मैच में 5 विकेट से हरा दिया। चिन्नास्वामी स्टेडियम में शुक्रवार को बारिश के कारण मैच 14-14 ओवर खेला गया। पंजाब ने बॉलिंग चुनी। RCB ने 9 विकेट खोकर 95 रन बनाए। पंजाब ने 12.1 ओवर में टारगेट हासिल कर लिया। पंजाब से युजवेंद्र चहल, मार्को यानसन, अर्शदीप सिंह और हरप्रीत बरार ने 2-2 विकेट लिए। नेहल वाधेरा ने 19 गेंद पर 33 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। बेंगलुरु से टिम डेविड ने फिफ्टी लगाई। जोश हेजलवुड ने 3 विकेट लिए। पंजाब ने 12वें ओवर में पांचवां विकेट भी गंवा दिया। भुवनेश्वर कुमार ने ओवर की तीसरी बॉल शॉर्ट ऑफ गुड लेंथ पर फेंकी। शशांक सिंह बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन लॉन्ग ऑफ पर फिल सॉल्ट के हाथों कैच हो गए। वे 1 ही रन बना सके। पंजाब किंग्स ने 8वें ओवर में 2 विकेट गंवा दिए। जोश हेजलवुड ने ओवर की चौथी बॉल बाउंसर फेंकी, श्रेयस डिफेंस करने गए, लेकिन कॉट बिहाइंड हो गए। श्रेयस 7 रन ही बना सके। हेजलवुड ने फिर ओवर की आखिरी गेंद ऑफ स्टंप के बाहर फेंकी। जोश इंग्लिस ने कट शॉट खेला, लेकिन थर्ड मैन पोजिशन पर कैच हो गए। उन्होंने 17 गेंद पर 14 रन बनाए। पंजाब किंग्स ने 7वें ओवर में फिफ्टी पूरी कर ली। जोश इंग्लिस ने सुयश शर्मा के खिलाफ ओवर की आखिरी गेंद पर सिंगल लिया और टीम की हाफ सेंचुरी पूरी करा दी। चौथे ओवर में पंजाब किंग्स ने दूसरा विकेट भी गंवा दिया। जोश हेजलवुड ने ओवर की चौथी बॉल शॉर्ट पिच फेंकी, प्रियांश आर्या मिड ऑफ पर कैच हो गए। उन्होंने 11 गेंद पर 16 रन बनाए। तीसरे ओवर में पंजाब किंग्स ने पहला विकेट गंवा दिया। ओवर की चौथी बॉल भुवनेश्वर कुमार ने ऑफ स्टंप के बाहर शॉर्ट ऑफ गुड लेंथ फेंकी। प्रभसिमरन सिंह ने शॉट खेला, लेकिन मिड ऑफ पर कैच हो गए। उन्होंने 13 रन बनाए। पंजाब किंग्स से प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह ओपनिंग करने उतरे। टीम ने पहले ओवर में 3 रन बनाए। बेंगलुरु से भुवनेश्वर कुमार ने पहला ओवर फेंका। टिम डेविड ने पारी के आखिरी ओवर में हरप्रीत बरार के खिलाफ 3 लगातार छक्के लगाए। इसी के साथ उन्होंने टीम का स्कोर 95 रन तक पहुंचा दिया। टिम डेविड ने 50 रन बनाए।



## म.प्र. शूटिंगबॉल एसोसिएशन के चुनाव संपन्न

राऊ । बुधवार को एम के हाल राऊ में सौहार्दपूर्ण माहौल में मध्य प्रदेश शूटिंगबॉल एसोसिएशन के चुनाव संपन्न हुए, शूटिंगबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष स्व मनोज सुले को श्रद्धांजली अर्पित करने के बाद चुनावी प्रक्रिया शुरू हुई ,एशियन शूटिंग बॉल फेडरेशन के महासचिव रविंद्र सिंह तोमर की विशेष उपस्थिति रही,, मध्य प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष अच्छे मियां एवं दामोदर चौधरी जी भी उपस्थित रहे, शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा नियुक्त आब्जर्वर जय प्रकाश कादियान की उपस्थिति एवं देखरेख में पूर्ण चुनाव में आगामी कार्यकाल के लिए चयनित कार्यकारिणी इस प्रकार है- अध्यक्ष मनेंद्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष संतोष जैन, उपाध्यक्ष पंकज मराठे ,महासचिव राजेश सुले, सहसचिव रंजीत बिश्नोई , सहसचिव दिनेश पाटीदार , ट्रेजरार जितेंद्र बघेल , एक्सक्यूटिव मेम्बर जाकिर खान , एक्सक्यूटिव मेम्बर कृष्णा जोशी , एक्सक्यूटिव मेम्बर प्रमोद बहुरे , एक्सक्यूटिव मेम्बर सुश्री इशिका मीणा, एक्सक्यूटिव मेम्बर याकूब खान। यह कार्यकारणी 2030 तक काम करेगी, प्रिंस क्लब राऊ के सभी सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत सत्कार किया।

## इन्दौर के राज राजोले राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता हेतु चयनित



**इन्दौर** (ई) नईदिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में इन्दौर के मदरलैंड स्कूल के छात्र राज राजोले का चयन हुआ। राष्ट्रीय योगासन खेल महासंघ नईदिल्ली द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में राज राजोले इंदौर के एकमात्र विद्यार्थी हैं, जिनका चयन हुआ है। इस प्रतियोगिता हेतु राज के चयनित होने पर स्कूल के संचालक सुरजीतसिंह वालिया ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य लगातार स्कूल शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी बच्चों को प्रोत्साहित करना है। राज के चयनित होने पर उन्होंने उसे बधाई शुभकामनाएं देते बताया कि स्कूल द्वारा जल्द राज को सम्मानित भी किया जाएगा।

## अंडर 17 खेलों इंडिया राज्य चयन ट्रायल्स सम्पन्न



इंदौर मध्यप्रदेश कुश्ती संघ के सचिव सुरेश यादव ने बताया कि अंडर 17 खेलों इंडिया के चयन ट्रायल्स छोटे नेहरू कुश्ती स्टेडियम में सम्पन्न हुए राज्य के चयन ट्रायल्स अंतरास्ट्रीय नियमों के तहत ओलंपियन पप्पु यादव के निर्देशानुसार किए गए पहलवानों को अतिथि विक्रम अवॉर्डी ओमप्रकाश खत्री, महापौर केसरी रेलवे के सचिन यादव, गोविंद गुजर, विकास यादव, हेमन्त पाण्डे ने सम्मानित कर पदक जीतने का आशीर्वाद दिया । इंदौर के पहलवान फिर सिरमौर रहे हितेश कुशवाह, यश यादव, आनन्द यादव , तुषांत जाधव , आयन खान, अली पठान, युवराज यादव , सिद्धार्थ जोशी, वंश पाल, लक्ष्मी जरिया, अनुष्का बौरासी, श्रेया बौरासी विजेता रहे इंदौर ने 12 स्वर्ण भोपाल ने 7 स्वर्ण, जबलपुर ने 2 स्वर्ण पदक जीते ऑफिशियल ओर रेफरी के कार्य रेलवे के अरविन्द पटेल , अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक विनय कुमार, गौरव आर्य, यश यादव, लोकेश परमार, रिंकु यादव , मनीष मुहाले ने किया मध्यप्रदेश के सभी विजेता पहलवान 11 मई से बिहार के पटना में होने वाले खेलों इंडिया कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेगे

## मध्यप्रदेश जूनियर बालक हैंडबॉल टीम की कप्तानी हर्षित को



**इंदौर।** हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वाधान मे उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित जूनियर बालक राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता दिनांक 20 से 24 अप्रैल तक अकबरपुर यु पी मे आयोजित होगी। प्रतियोगिता हेतु मध्यप्रदेश हैंडबॉल टीम की घोषणा मध्यप्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन अध्यक्ष दीपक जैन टीनू व महासचिव हरदीप सिंह रुप्पल ने की ।1. हर्षित घेंघट (कप्तान)2. साई यादव 3. पीयूष दुबे 4. राहुल अहिरवार 5. रूपेश पाल 6. उदयराजसिंह डोडिया 7. आदित्य घाडग 8. धीरज पाल 9. विकास मुनिया 10. युवराज 11. दीपक गुप्ता 12 गुरप्रीत सिंह 13. रितिक रघुवंशी 14.वासुदेव पाटीदार .15 शुभ चित्रे.16 अंकलेश पाटीदार 17.दीपक लुनिया 18. शुभम तोमर 19. रुद्र कुशवाह 20. किशन बाटू इस अवसर पर हरीश डागुर, आशीष दाणेज, निर्मल सेठी ,कुलवंत सिंह, सोमप्रताप सिंह, दीपेश पवार, राहुल चित्रे, आदि ने टीम को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामंनाए दी ।

## उज्जैन ने कनमड़कर ट्राफी पर कब्जा जमाया




इंदौर। उज्जैन ने जबलपुर पर पहली पारी की बढ़त के आधार पर अंतर संभागीय कनमड़ीकर ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। विजेता टीम का पुरस्कार सुश्री सुफला कनमड़ीकर व नवल कनमड़ीकर द्वारा प्रदान किए गए। इस अवसर पर नरंद्र बख्तेरिया, सुरेंद्र काबरा भी मौजूद थे।

**–डेली कॉलेज ओपन अखिल भारतीय रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट का समापन**

# इंदौर की आन्या और देविना बनी चैंपियन

**इंदौर। मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए इंदौर की प्रतिभाशाली खिलाड़ी आन्या राठी ने डेली कॉलेज ओपन अखिल भारतीय रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट में दोहरा खिताब हासिल किया। बालिका एकल में चैंपियन बनने के साथ उन्होंने इंदौर की ही देविना धूपर के साथ बालिका युगल ट्राफी भी उठाई। बालकों के वर्ग में महाराष्ट्र के अरिंजय बंग ने एकल और युगल खिताब जीता। युगल वर्ग में उनके जोड़ीदार मध्य प्रदेश के नैतिक थे। स्पर्धा का पुरस्कार वितरण डेली कॉलेज जूनियर स्कूल की हेड मिस्ट्रेस रश्मी आहूजा के आतिथ्य में हुआ। इस दौरान स्पर्धा संयोजक और भारतीय जूनियर डेविस कप टीम के कोच साजिद लोदी भी उपस्थित थे।**

अंडर-12 आयु वर्ग में खेली गई स्पर्धा के बालिका एकल फाइनल में मध्य प्रदेश की दो खिलाड़ियों में टक्कर थी और दोनों ही एक-दूसरे के खेल से परिचित थीं। फाइनल तक के सफर में दोनों ही खिलाड़ियों ने कई राज्यों की खिलाड़ियों को हराया था, जिसे देखते हुए रोमांचक टक्कर की उम्मीद थी। मगर फाइनल परिणाम के लिहाज से नीरस साबित हुआ। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी आन्या राठी ने मध्य प्रदेश की ही ऐश्वी जैन को आसानी से हराते हुए ट्राफी अपने नाम की। आन्या ने यह



मुकाबला 6-2, 6-0 से जीता। पहले सेट में आन्या को लय बनाने में कुछ वक्त लगा और ऐश्वी ने उनके खिलाफ दो गेम जीतने में सफलता हासिल की, लेकिन दूसरे सेट में आन्या ने विपक्षी खिलाड़ी को कोई भी गेम नहीं जीतने दिया। इसके बाद आन्या ने बालिका युगल वर्ग में भी ट्राफी जीतते हुए दोहरी सफलता हासिल की। बालिका युगल वर्ग में मध्य प्रदेश की आन्या राठी और देविना धूपर की जोड़ी का सामना महाराष्ट्र की जोड़ी अकीरा और आन्या से था। मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की लड़कियों के बीच फाइनल में मुकाबला दर्शनीय रहा। पहले सेट में आन्या और दिवेना ने आसानी से 6-1 से जीत हासिल की। दूसरे सेट में महाराष्ट्र की खिलाड़ियों ने वापसी करते हुए कड़ी टक्कर दी। ऐसा लगा कि महाराष्ट्र की खिलाड़ी दूसरा सेट जीतते हुए मुकाबले को बराबरी पर ले आएंगी, लेकिन आन्या और दिवेना ने अपनी रणनीति में बदलाव करते हुए निर्णायक मौकों पर अंक बनाते हुए दूसरे सेट के साथ विजेता ट्राफी भी अपने नाम की।

**महाराष्ट्र के अरिंजय को दोहरी सफलता**

–बालक वर्ग के फाइनल में दोनों खिलाड़ी महाराष्ट्र से ही थे। अरिंजय बंग की टक्कर कबीर बोरसे से थी। कई प्रमुख खिलाड़ियों को हराते हुए दोनों निर्णायक मुकाबले के लिए आमने-सामने हुए थे। यहां अरिंजय ने अपने ही राज्य के खिलाड़ी कबीर पर श्रेष्ठता साबित करते हुए फाइनल मैच 6-0, 6-2 से जीता। पहला सेट आसानी से जीतने के बाद उन्होंने दूसरे सेट में कुछ गलतियां की, जिसका फायदा उठाते हुए कबीर ने दो गेम अपने नाम कर लिए। मगर उनका यह प्रयास मैच जीतने के लिए पर्याप्त नहीं था। अरिंजय ने भी स्पर्धा में दोहरा खिताब जीता। एकल फाइनल के साथ ही उन्होंने बालक युगल वर्ग में भी विजेता ट्राफी हासिल की। संयोग से युगल फाइनल में भी उन्होंने कबीर को ही पराजित किया। युगल फाइनल में महाराष्ट्र के अरिंजय के जोड़ीदार मध्य प्रदेश के नैतिक थे। इस जोड़ी का सामना महाराष्ट्र के आदित्य और कबीर की जोड़ी से था। बालक एकल की तरह यहां भी मैच भी रोमांच नजर नहीं आया और परिणाम भी कुछ वैसा ही रहा। नैतिक और अरिंजय की जोड़ी ने फाइनल मैच 6-0, 6-2 से अपने नाम किया।

## नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में इन्दौर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



**इन्दौर (ई)।** सोनीपत हरियाणा में आयोजित पंडित रामचन्द्र मेमोरियल नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में इंदौर ताइक्वांडो डेवलपमेंट एसोसिएशन के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन किया। चैम्पियनशिप में पूर्वी आर्य ने सीनियर अंडर वन 57 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक एवं बेस्ट फाइटर गर्ल्स ट्रॉफी तथा जयंती मुवेल ने जूनियर अंडर 55 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा नियति खंडेलवाल ने जूनियर अंडर 59 किलो वर्ग में सिल्वर मेडल प्राप्त किया । इन्दौर के खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन और उपलब्धि पर प्रशिक्षक मनीष जोशी, एमआईसी सदस्य बबलू अभिषेक शर्मा, इंदौर ताइक्वांडो डेवलपमेंट एसो. के अध्यक्ष प्रशांत महंत, सचिव विकास सिमरैया और द वर्ल्ड जिम एंड फिटनेस सेंटर के संचालक मनीष आर्य ने उन्हें बधाई शुभकामनाएं दी।

## स्व. सतीश चन्द्र गोठी मेमोरियल अंडर-13 स्पर्धा

आईडीसीए के तत्वावधान में श्रीराम स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित स्व. सतीश चन्द्र गोठी स्मृति अंडर-13 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत आज श्रीराम स्पोर्ट्स एवं विजय क्लब के मध्य मैच खेला गया जिसमें विजय क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 32 ओवरो में सभी विकेट खोकर 114 रन बनाये। आयुष्मान स्वामी ने 48 रन एवं धैयांश अत्रे ने 33 रनों का योगदान दिया । अवनीश पाटीदार एवं अथर्व त्रिपाठीने 3-3 विकेट तथा भव्य गोठी ने 2 विकेट लिये । जवाब में श्रीराम स्पोर्ट्स की टीम ने 32 ओवरो में 4 विकेट खोकर 115 रन बना लिये और यह मैच 6 विकेट से जीत लिया । अंश डांगी ने सर्वाधिक नाबाद 49 रनों का योगदान दिया । आयुष्मान, धैर्यांश, नक्श एवं आरव ने 1-1 विकेट लिया ।




## अनंत सिंह मेहरा ने रजत पदक जीता

इंदौर। मध्य प्रदेश के भोपाल के 19 वर्षीय अनंत सिंह मेहरा ने हाल ही में ङ्कुस्स्रूकी पाटस रोड रेस में भाग लिया, जिसमें कई राज्यों के साइकिलिस्टों ने हिस्सा लिया। अनंत सिंह मेहरा ने 110 किलोमीटर की रोड रेस में दो राष्ट्रीय पदक विजेताओं और कई राज्य चैंपियनों से आगे रहते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया और रजत पदक जीता। एक हफ्ते बाद, अनंत सिंह मेहरा ने 3 दिवसीय स्टेज रेस, गोवा क्लासिक में भाग लिया, जिसमें 3 दिनों में 200 किलोमीटर से ज़्यादा की दौड़ शामिल थी। तीन दिन की दौड़ के बाद, काम करने के लिए कोई भी टीम न होने के बावजूद, वे बहुत ही कड़ी प्रतिस्पर्धा में 9वें स्थान पर रहे।

## सनराइजर्स के कोच विटोरी बोले, बल्लेबाजों को पिच के अनुसार खेलना होगा

मुंबई (ईएमएस)। सनराइजर्स हैदराबाद के कोच डेनियल विटोरी ने आईपीएल के इस सत्र में टीम की खराब बल्लेबाजी पर निराशा जतायी है। विटोरी ने कहा है कि उनके बल्लेबाजों को पिचों के अनुरूप अपनी शैली में बदलाव करना होगा तभी वह सफल हो सकेंगे। विटोरी ने कहा है कि हर पिच बल्लेबाजों की सहायक नहीं हो सकती। सनराइजर्स को गत दिवस हुए मुकाबले में मुंबई इंडियंस के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में सनराइजर्स टीम पांच विकेट पर 162 रन ही बना पायी। विटोरी ने कहा, 'पिच पर किसी का नियंत्रण नहीं है तो यह भाग्य की भी बात है कि हमें ऐसे विकेट मिल रहे हैं जो हमारे अनुरुप नहीं रहे। उन्होंने कहा, 'हमें अब सफलता हासिल करने के लिए हालात के अनुकूल ढलना ही होगा। हमें पता है कि चेन्नई में या अहमदाबाद में ऐसे हालात होंगे। हम हर जगह यह सोचकर नहीं खेल सकते कि हमें अनुकूल पिचें मिलेंगी। अब हमें सोच समझकर पिच के अनुसार खेलना होगा। विटोरी ने कहा कि मुंबई के गेंदबाजों ने बीच के ओवरों में शानदार प्रदर्शन किया जिससे मैच में बदलाव आया। मुंबई ने हालात के अनुसार खेला जिसका लाभ उसे मिला।

# रोहित अब आईपीएल से संन्यास पर विचार करें : सहवाग

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा है कि अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा अब शायद ही आगे आईपीएल खेलें। सहवाग ने कहा है कि जिस प्रकार का उनका प्रदर्शन रहा है ऐसे में अब लगता है उनका संन्यास का समय आ गया है। रोहित के लिए आईपीएल का ये सत्र अब तक अच्छा नहीं रहा है और वह एक बार भी बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं।

रोहित ने इस सत्र में 6 पारियों में 13.66 की निराशाजनक औसत से केवल 82 रन बनाए हैं जिसमें 0, 8, 13, 17, 18 और 28 रन शामिल हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ रोहित इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर भी केवल 26 रन ही बनाए। सहवाग ने कहा, अगर आप रोहित के पिछले 10 सालों के आईपीएल रनों को देखें, तो उन्होंने केवल एक बार 400 से ज़्यादा रन बनाए हैं। इसलिए वह ऐसे खिलाड़ी नहीं हैं जो मानते हैं कि उन्हें 500 या 700 रन बनाने की जरूरत है। अगर वह सोचते हैं, तो शायद वह ऐसा कर सकते हैं। जब वह भारतीय कप्तान बने, तो उन्होंने कहा कि वह ऐसा खिलाड़ी बनना चाहते हैं जो पावरप्ले का पूरी लाभ उठाना चाहता है पर वह इस तथ्य पर विचार नहीं कर रहे हैं कि दिन के अंत में जब वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं, तो यह आपकी कमी मानी जाती है। उन्होंने कहा, अब उसका विदायी का समय आ गया है और ऐसे में रिटायर होने से पहले आप प्रशंसकों को आपको याद रखने के लिए कुछ देना चाहेंगे, न कि ऐसे पल जो उन्हें यह सोचने पर मजबूर करें कि वे आपको क्यों नहीं छोड़ रहे हैं। वह कई बार बैक ऑफ द लेंथ गेंदों पर पुल शॉट खेलने के चक्कर में आउट हो चुके हैं। इसलिए उन्हें तय कर लेना चाहिए कि एक पारी में वह पुल शॉट बिल्कुल नहीं खेलेंगे।



**(फोटो-ईएमएस) साउथ कैरोलिना में आरबीसी हैरीटेज गोल्फ टूर्नामेंट में जस्टिन थॉमस रिटर्न शॉट लगाते हुए।**

# रघुवंशी और मानस नाडकर का मध्यप्रदेश अंडर 20 फुटबॉल टीम में चयन

इंदौर जिला फुटबाल संघ के स्टार खिलाड़ी राहुल रघुवंशी और मानस नाडकर का मध्यप्रदेश अंडर 20 फुटबॉल टीम में चयन होने पर इंदौर जिला फुटबाल संघ अध्यक्ष श्री दीपक जोशी सहित सभी पदाधिकारियों ने दोनों ही खिलाड़ियों को शुभकामनाए दी।

फुटबॉल को ही ध्येय बनाकर मानस बचपन से जैसे एकलव्य की तरह रैनोल्डो को आराध्य मानकर खेलते देखा है। वह लगभग पूरा इंडिया अकेला खेलने के लिये घूम चुका है उसके मम्मी पापा या हमें भी नहीं बताता है की अगला टूर्नामेंट कौनसा है कहा है जिस



दिन जाना होता है उसके एक दिन पहले बताता है कई ऐसी जगह भी खेलने गया जहां पर खाने की भी प्रॉपर व्यवस्था नही होने पर भी खेल पर ध्यान देना,बच्चे जब अपने बचपन मे ही अपना गोल सेट करते है तब मानस जैसे खिलाड़ी हमे दिखते है। जुनून क्या होता है कभी यह देखना हो तो मानस से ज़रूर मिलना चाहिये,उम्र अभी 17 साल है अभी वह छत्तीसगढ में नेशनल खेल रहा है । मज़े की बात देखिये सिर्फ़ खेल पर ध्यान देने वालों की तबियत ऐसी ही होती है जैसी मानस की है.वे अपने को प्रमोट करना नहीं जानता और न ही सोश्यल नेटवर्किंग पर अपने को जताता -बताता हैं.मज़ा देखिये अभी उससे पास अपनी कोई ताज़ा तस्वीर भी नहीं मिली।



ह्य
42, बहादुरगंज, उज्जैन
मोबाइल 989711959

राग दरबारी

# हिकमत पंचर वाले की शौहरत चाय वाले की ...

किसी जमाने में वह एक निहायत सुनसान सड़क थी। रात तो रात दिन में भी भले आदमी भले होने के बावजूद उस सड़क से आने - जाने में डरते थे।एक बार एक आदमी के सामने जब भुखमरी से मरने या कुछ कर गुजरने के अलावा कोई तीसरा रास्ता नहीं रहा तो उसने कुछ कर गुजरने की ठानी।लिहाजा उसने उस सड़क पर पंचर जोड़ने का छोटा सा ठिया बना लिया। सुबह अपना काम करता और शाम को अपना सामान समेट सायकिल पर रख अपने घर चल देता।

हिम्मते मर्दा मददे खुदा। उसका धंधा चल निकला। चार पैसे कमाने लगा,फिर बचाने लगा। फिर एक अच्छी खासी गुमटी ठोक ली। पहले सायकिल से आता था अब बाइक से आने - जाने लगा। यह देख एक अन्य व्यक्ति ने वहां पकोड़े की दुकान खोल ली। शुरू में एक घान बेचने में उसे घंटे भर का इंतजार करना पड़ता था।फिर उसके पकोड़े की ऐसी शोहरत फैली कि पकोड़े हाथों हाथ निकलने लगे।धंधा चलता है तो दिमाग भी चलता है।उसने पकौड़े के साथ कचोरी, समोसे, आलूबड़े, कांदा बड़े भी बनाने शुरू कर दिया। अब उसे नाक पोछने तक की फुर्सत नहीं मिलती थी।



थोड़े दिन बाद वहां एक पानी पतासी (जिसे लोग पानी पूरी और गोल गप्पे भी कहते है) वाला भी ठेला लगाकर खड़ा हो गया।हर उम्र के ग्राहकों का जमघट वहां लगने लगा। कई प्रेम कहानियां जन्म लेने लगीं। क्योंकि प्रेमोलॉजी के जानकार लड़कियों की पसंद के हिसाब से जुगाड़पंथी करने लगे। मसलन भैया तीखी बना देना,पानी तेज करना, मीठी चटनी डालना, सूखी अलग से देना। जिनकी प्रेम कहानी सफल हो जाती वह लड़की मांग में सिंदूर भर कर आती थी ।लड़का पति पद प्राप्ति के साल भर के अंदर गौद में सुंदर सा बच्चा लिए आता था पत्नी के हाथ में पर्स या मोबाइल होता था।

चलो, अब किस्सा आगे बढ़ाया जाए।एक दिन एक व्यक्ति ने चाय का ठेला लगा लिया। चाय तो अच्छी बता था, उसकी बातें बड़ी लच्छेदार हुआ करती थीं । सही मायने में वह सपनो का सौदागर था ग्राहकों के हाथों के रेखाएं हिभी देख लेता था टंकियों का ब्लैक भी कर लेता था। मकान, दुकान प्लॉट के सौदे भी करने लगा था । उसकी भी किस्मत अच्छी थी चाय की गुमटी चल निकली। फिर उसने पोहे जलेबी भी बनाने शुरू कर दिया। और पान गुटके, सादे और तम्बाकू वाले गुटकों की झालरें भी लटका ली।कुल मिला कर वह भी चल निकला।

एक दिन सपने में उसे भगवान ने प्रेरित किया और वह नगरपालिका के चुनाव और वह पार्षद के लिए खड़ा हो गया। पतासी वाले,पकोड़े वाले और पंचर वाले ने उसे जिताने के लिए उन्होंने जान लड़ा दी।वह जीत भी गया। उसकी जीत की खुशी में एरिए के सब लोगों ने जनसभा का आयोजन किया सबने उसका खूब स्वागत सत्कार किया।अपने भाषण में सबसे पहले वह पंचर वाले से बोला, भाईजान ,तुम्हें भी एक पंचर बनाने का धंधा ही मिला। कुछ ऊंचा सोचो,ऊंचा करो।मुझे देखो मैं कहां से कहां पहुंच गया।

पंचर वाले से अपनी रोजीरोटी का अपमान सहन नहीं हुआ वह जोर से चिल्लाया, सबसे पहले यहां कौन आया था।में नहीं होता तो तुम कहां से आते मेरे पंचर के धंधे के दम पर ही तुम्हारा चाय का धंधा चला भाई।

यह सुन पकोड़े वाले, पतासी वाले ने जोर की तालियां बजाई।

---

मप्र में यूथ कांग्रेस के चुनाव का ऐलान

## प्रदेश अध्यक्ष से लेकर विधानसभा अध्यक्ष तक का होगा चुनाव



**इंदौर। मप्र से इस वक्त की सबसे बड़ी खबर सामने आई है। एमपी यूथ कांग्रेस के चुनावों का ऐलान हो गया है। इसी के साथ प्रदेश अध्यक्ष से लेकर विधानसभा अध्यक्ष तक का चुनाव होगा। स्टेट प्रेसिडेंट, स्टेट कमेटी, डिस्ट्रिक्ट कमेटी के सदस्य भी चुने जाएंगे। विधानसभा कमेटी, ब्लॉक अध्यक्ष तक के चुनाव होंगे।**

पहली बार ब्लाक अध्यक्ष का भी सीधे चुनाव होगा। सदस्य प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, जिला अध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष के लिए मतदान करेंगे। चुनाव प्रक्रिया लगभग पांच महीने में पूरी होगी। चुनाव की घोषणा के साथ ही युवक कांग्रेस से जुड़े लोगों में उत्साह का माहौल है। चुनाव प्रक्रिया के तहत 19 अप्रैल से 25 अप्रैल तक कोऑर्डिनेटर जिलों का दौरा करेंगे। नॉमिनेशन 27 अप्रैल से 6 मई तक चलेंगे। दावे अपत्तियों ओर सुनवाई 28 अप्रैल से 7 मई तक होगी। नॉमिनेशन फॉर्म्स की स्क्रूटनी 7 मई से 9 मई तक की जाएगी। 11 मई तक फाइनल कैंडिडेट तय हो जाएंगे। पिछले बार साल 2020 में चुनाव हुए थे। जानकारी सैयद नासिर हुसैन, इलेक्शन कमिश्नर यूथ कांग्रेस एमपी और शेषनारायण ओझा, प्रभारी यूथ कांग्रेस एमपी ने दी।

### एससी-एसटी वर्ग के लिए आरक्षित जिले

चुनाव में प्रदेश के इन जिलों को एससी और एसटी वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। इनमें सागर, देवास, जबलपुर(शहर), पांढुर्णा, गुना, बुरहानपुर, सतना शामिल है। चुनाव के अभ्यर्थियों की आयु 27 अप्रैल 1990 से 26 अप्रैल 2007 तक मान्य होंगे। एक सदस्य 6 वोट करंगे। यानी प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, जिला अध्यक्ष, जिला महासचिव, विधानसभा अध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष के लिए वोट डालेंगे।

## नर्सिंग घोटाले में बड़ी कार्रवाई, 70 कर्मचारियों की होगी विभागीय जांच

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई



इंदौर। नर्सिंग घोटाले में शासन ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की है। राज्य सरकार ने शासकीय नर्सिंग कॉलेज जीएमसी की प्राचार्य राधिका नायर को पद से हटा दिया है। साथ ही गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल के एक दर्जन से अधिक नर्सिंग स्टाफ और डॉक्टरों समेत प्रदेशभर के लगभग 70 लोगों के विरुद्ध चिकित्सा शिक्षा विभाग ने आरोप पत्र जारी कर विभागीय जांच के निर्देश दिए हैं।

हालांकि एनएसयूआई नेता रवि परमार ने इस कार्रवाई में घोटाले से जुड़े अन्य लोगों को बचाने के भी आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि नर्सिंग महाघोटाले में जिनको नोटिस जारी हुए थे, उनमें जीएमसी के पूर्व प्राचार्य रोसी शाहुल समेत प्रोफेसर में डॉ जितेंद्र महावर, डॉ हरिसिंह मकवाना, डॉ संदीप कुमार मर्सकोले, डॉ वीरेंद्र धुर्वे, वहीं नर्सिंग स्टाफ में रजनी नायर, प्रियदर्शनी डेहरिया दीपिका कुंभारे, राजश्री मालवीय शामिल हैं।

इन पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं होना सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि गांधी मेडिकल कॉलेज की नर्सिंग प्राचार्य राधिका नायर को पद से हटाया है, जबकि उन्हें निलंबित किया जाना चाहिए। परमार ने मांग करते हुए कहा कि सभी 110 संदिग्ध नर्सिंग स्टाफ और डॉक्टरों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। साथ ही चिकित्सा शिक्षा विभाग में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

---

# सीएम के लांच किए पोर्टल पर अधिकारी नहीं दिखा रहे रुचि

## एजुकेशन पोर्टल 3.0 में कार्य करने में अधिकारी कर रहे लापरवाही

**इंदौर। करोड़ों की लागत से राज्य सरकार द्वारा बनवाए गए एजुकेशन पोर्टल 3.0 में कार्य करने में विभाग के अधिकारियों द्वारा जमकर लापरवाही बरती जा रही है। कार्यों में लापरवाही बरतने के कारण लोक शिक्षण संचालनालय भी परेशान हैं। अधिकारियों को बार-बार समझाईश और हिदायत देने के बाद भी अधिकारी सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं।**

ऐसे में आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय शिल्पा गुप्ता ने भोपाल के जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) एनके अहिरवार, जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) ओम प्रकाश शर्मा सहित आधा दर्जन जिलों के जिला शिक्षा अधिकारियों और जिला परियोजना समन्वयकों को नोटिस जारी किया है। कार्य में इसी तरह की लापरवाही बरती जाती रही तो इन जिला अधिकारियों को निलंबित भी किया जा सकता है। इस तरह का नोटिस ही जारी हो चुका है।

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार स्कूल शिक्षा विभाग ने एजुकेशन पोर्टल 3.0 बनाया है। विभाग की लगभग सभी गतिविधियां अब इसी पोर्टल के माध्यम से होंगी। इसके बाद विभाग के चल रहे अन्य आनलाइन पोर्टल बंद हो जांगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एजुकेशन पोर्टल 3.0 को एक अप्रैल को स्कूल चलें हम अभियान के दौरान लांच किया था। पोर्टल की लांचिंग के बाद से यह ठंडा पड़ा हुआ है।

इसमें कोई गतिविधि नहीं हो रही है। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा इसमें कोई भी आदेश अपलोड नहीं किये जा रहे हैं। मैदानी स्तर पर डीईओ-डीपीसी इसके कार्यों में रुचि नहीं ले रहे हैं। इसे लेकर आयुक्त लोक शिक्षण शिल्पा गुप्ता ने एक दर्जन से अधिक जिला शिक्षा अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।



### 25 अप्रैल तक पूर्व करें सत्यापन, नहीं तो हो सकता है निलंबन

जारी नोटिस में कहा गया है कि एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर आपके जिला अंतर्गत समस्त अशासकीय विद्यालय के सत्यापन किये जाने के निर्देश दिए गए थे। उक्त सत्यापन का कार्य 28 दिसंबर 2024 तक पूर्ण किया जाना था। आपके द्वारा उक्त दिनांक तक सत्यापन की कार्रवाई पूर्ण नहीं की गई। कई बार इसकी तिथि भी बढ़ाई गई। उपरोक्त निर्देशों को दिए जाने के बाद भी आपके जिला अतंर्गत सत्यापन किए जाने का कार्य शून्य स्थिति में हैं।

वरिष्ठ कार्यालय के निर्देश अनुसार कार्रवाई न किए जाने का कृत्य मध्यप्रदेश सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-3 के विपरित होकर लापरवाही और अनुशासनहीनता है।

नियमों के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है। 25 अप्रैल तक सत्यापन कार्य पूर्ण करें। साथ ही निश्चित समय अवधि में नोटिस का जबाव प्रस्तुत करें, अन्यथा एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

### इन अधिकारियों को जारी किए गए नोटिस

लापरवाही बरतने वाले प्रभारी डीईओ मुरैना एसके सक्सेना, डीपीसी मुरैना हरीश तिवारी, प्रभारी डीईओ गुना चंद्रशेखर सिसौदिया, डीपीसी गुना ऋषि गर्ग, डीईओ भोपाल एनके अहिरवार, डीपीसी भोपाल ओमप्रकाश शर्मा, प्रभारी डीईओ सीहोर संजय सिंह तोमर, डीपीसी सीहोर आरआर उईके, प्रभारी डीईओ झाबुआ आरएस बामनिया, डीपीसी झाबुआ आरएस सिंगार, प्रभारी डीईओ आगर-मालवा आरसी खंगार, डीपीसी आगर-मालवा एमके जाटव को नोटिस जारी किया गया है।

---

# मध्य प्रदेश में अब जमानत मिलना आसान नहीं

## हाईकोर्ट और खंडपीठ में नया फार्मेट किया जाएगा लागू

**इंदौर। मप्र में अब जमानत मिलने के मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाई है। अब अपराधियों को आसानी से जमानत नहीं मिल पाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने जमानत को लेकर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट समेत सभी खंडपीठ के लिए फार्मेट जारी किया है। हाईकोर्ट में अब जमानत याचिका लगाने वाले संबंधित व्यक्ति को अपने आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी भी कोर्ट के सामने रखनी पड़ेगी।**

सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश से जुड़े जमानत के मामलों में यह महत्वपूर्ण आदेश दिया है। 1 मई से यह व्यवस्था लागू हो जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट जबलपुर समेत इंदौर और ग्वालियर खंडपीठ को जमानत याचिका या अलग-अलग तरह के मामलों की सुनवाई करने को लेकर एक फॉर्मेट जारी किया है।

इसके चलते जिस भी व्यक्ति को किसी मामले में सजा हो गई है या फिर वह जमानत या अग्रिम जमानत को लेकर कोर्ट के समक्ष याचिका लगता है, तो उसे अपने पिछले आपराधिक रिकॉर्ड की पूरी जानकारी जमानत याचिका के साथ कोर्ट के सामने प्रस्तुत करनी होगी।

इसके बाद कोर्ट उस पूरे मामले में सुनवाई कर तय करेगा कि जमानत दी जाए या नहीं।



### अपराधियों को ऐसे मिल जाता था फायदा

अभी तक जो भी व्यक्ति अग्रिम जमानत, जमानत या सजा पर रोक के लिए याचिका कोर्ट के सामने प्रस्तुत करता है तो कोर्ट संबंधित थाना पुलिस को निर्देश जारी कर उनसे संबंधित जानकारी मांगती है। जिसके चलते पुलिस कई बार इस तरह की जानकारी कोर्ट के समक्ष तय समय में उपलब्ध नहीं करवा पाती है।

जिसका फायदा संबंधित आरोपी को हो जाता है और उसे कई बार आसानी से जमानत मिल जाती है। ऐसे में कई अपराधी ऐसे भी होते हैं जिनके पिछले आपराधिक रिकॉर्ड में गंभीर मामले दर्ज होते हैं।

### कुख्यात गुंडे को मिल गई थी जमानत

बता दें कि पिछले दिनों इंदौर के एक कुख्यात गुंडे हेमंत यादव पर तकरीबन एक दर्जन से अधिक प्रकरण दर्ज थे लेकिन पुलिस ने हेमंत यादव से संबंधित जानकारियां कोर्ट के सामने प्रस्तुत नहीं की। जिसके चलते उसे आसानी से सजा के एक मामले में जमानत मिल गई।

घटनाओं को देखते हुए अब सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट जबलपुर समेत इंदौर और ग्वालियर खंडपीठ को नए फॉर्मेट पर सुनवाई करने के आदेश दिए हैं। 1 मई से यह व्यवस्था लागू हो जाएगी। यह व्यवस्था लागू होने के बाद कुख्यात आरोपियों को हाईकोर्ट से आसानी से जमानत नहीं मिल पाएगी।

---

# मंत्री राजपूत और पूर्वमंत्री सिंह के बीच सुलह कराएगा समाज

## मतभेद दूर करने बनाई समिति, महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना को लेकर था विवाद

इंदौर। सागर में महाराणा प्रताप की प्रतिमा को लेकर क्षत्रिय समाज के दो घरानों में बयानबाजी का दौर जारी है। प्रतिमा स्थापना स्थल को लेकर घमासान मचा हुआ है। पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह के भतीजे और क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष लखन सिंह बामौरा प्रतिमा को नगर निगम सिटी स्टेडियम के बाहर स्थापित कराना चाहते हैं। लेकिन, दूसरी तरफ मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के भाई और जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा केंद्रीय जेल की बाउंड्री के पास आईजी बंगले के सामने स्थापित कराने की बात रखी है।

प्रतिमा स्थापना को लेकर चल रही खींचतान के बीच जिला क्षत्रिय समाज ने शुक्रवार को एक बैठक बुलाई। जिसमें 5 निर्णय लिए गए हैं। इसमें शहर के क्षत्रिय समाज के दो घरानों की राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और आपसी मतभेद खत्म करने के लिए समिति बनाई गई है। इस समिति में समाज के बुजुर्ग और युवाओं को शामिल किया गया है।

समिति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत और पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह से बात करेगी। समाज के कृष्णा सिंह महुआखेड़ा ने बताया कि समिति बातचीत के बाद मंत्री राजपूत और पूर्व मंत्री सिंह के बीच चले आ रहे मतभेदों को खत्म करने का प्रयास करेगी। क्योंकि उनके बीच कोई बड़े मतभेद नहीं है जो भी छोटी-छोटी बातें हैं उन्हें समाज के साथ मिलकर दूर किया जाएगा।

### समाज तय करेगा जगह

दरअसल, सागर शहर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा की स्थापना की जानी है। इसके लिए 1 करोड़ की राशि स्वीकृत हो चुकी है। प्रतिमा का ग्वालियर में निर्माण चल रहा है। लेकिन प्रतिमा स्थापना के लिए जगह को लेकर खींचतान चल रही है। ऐसे में जिला क्षत्रिय समाज ने निर्णय लिया है कि महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित करने के लिए समाज के वरिष्ठजन जगह चिंहित करेंगे। आपस में समाज के सभी लोग संभावित स्थानों का निरीक्षण करेंगे। जिसके बाद जगह तय की जाएगी। यह निर्णय पूरे समाज को मान्य होगा। सागर जिले के संस्थापक राजा उदेन शाह की स्मृति में शहर के चारों मुख्य मार्गों पर प्रवेश द्वार बनवाने के लिए प्रक्रिया शुरू की जाएगी। क्षत्रिय समाज का नया विशाल भवन निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही 29 अप्रैल को महाराणा प्रताप जयंती के दिन शहर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। स्वीडिश मिशन स्कूल से जुलूस निकाला जाएगा जो शहर के मुख्य मार्गों से होकर मोतीनगर स्थित पद्माकर सभागार पहुंचकर समाप्त होगा। इसी दिन महाराणा प्रताप की प्रतिमास्थल का भूमिपूजन करने का निर्णय लिया गया है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश
इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com